www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 6:44 बजे
सूर्यास्त शाम 6:25 बजे

साल-1 • अंक-179 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रुपये • 6 मार्च 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## न्यूज़ ब्रीफ

### सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन की शादी

**मुंबई|** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की आज सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। समारोह में अमिताभ बच्चन, मुकेश अंबानी और जय शाह पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी।

### चांदी 2 दिन में 32 हजार सस्ती हुई

**दिल्ली|** सोने और चांदी के दामों में 5 मार्च को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3 हजार रुपए घटकर 1.60 लाख पर आ गया। पहले इसकी कीमत 1.63 लाख रुपए 10 ग्राम थी। सोना 2 दिन में 7 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, एक किलो चांदी 13 हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.71 लाख रुपए प्रति किलो थी। ये दो दिन में 32 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.60 लाख रुपए पर है।

### मोदी बोले- इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो

**नई दिल्ली|** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं।

### सीट न मिलने पर छलका आनंद का दर्द

**शिमला|** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सीट न मिलने पर कांग्रेस के नेता आनंद शर्मा ने पार्टी नेतृत्व पर परोक्ष रूप से निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आत्मसम्मान की कीमत चुकानी पड़ती है और सच बोलना अपराध माना जाता है, जिससे कांग्रेस की आंतरिक निर्णय प्रक्रिया और वरिष्ठ नेताओं की उपेक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह बयान उन्होंने तब दिया जब पार्टी ने राज्यसभा सीट के लिए कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा को अपना उम्मीदवार नामित किया।

# बिहार के सीएम पद से इस्तीफा देंगे नीतीश, राज्यसभा का नामांकन भरा

## पहली बार भाजपा को अपना मुख्यमंत्री बनाने का मौका मिल सकता है

एजेंसी | पटना

बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के शीर्ष पद से हटकर राज्यसभा जाने का फैसला किया है। वीरवार को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

करीब दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे 75 वर्षीय नीतीश कुमार अब नई भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी लंबे समय से इच्छा थी कि वह बिहार विधानसभा के दोनों सदनों और संसद के दोनों सदनों के सदस्य बनें। नीतीश कुमार ने कहा,"पिछले दो दशकों से आपने मुझ पर जो भरोसा और समर्थन दिया, उसी की ताकत से हमने बिहार की सेवा पूरी निष्ठा के साथ की है। आपके विश्वास के कारण ही बिहार आज विकास और गरिमा की नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है।"

**अमित शाह की मौजूदगी में भरा नामांकन**



**बिहार चुनाव में बड़ी जीत के बाद लिया फैसलाः-** नीतीश कुमार ने हाल ही में हुए 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बड़ी जीत दिलाई थी। गठबंधन ने 202 सीटों के साथ भारी बहुमत हासिल किया था। इसके बाद 20 नवंबर 2025 को उन्होंने रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब 4 महीने के भीतर ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़कर संसद के उच्च सदन में जाने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि 9 अप्रैल के बाद राज्यसभा का नया कार्यकाल शुरू होने पर वह औपचारिक रूप से राज्यसभा सदस्य बन जाएंगे।

**बिहार में नए नेतृत्व का रास्ता खुलाः-** नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार में सत्ता परिवर्तन की संभावना बढ़ गई है। इससे पहली बार भारतीय जनता पार्टी को राज्य में अपना मुख्यमंत्री बनाने का मौका मिल सकता है। संभावित चेहरों में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है।

**नीतीश के बेटे निशांत कुमार की एंट्री की चर्चाः-** इसी बीच नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। गठबंधन के कुछ नेताओं का मानना है कि उन्हें भविष्य में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी जा सकती है, हालांकि अभी इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

**इंजीनियर से मुख्यमंत्री तक का सफरः-** 1 मार्च 1951 को बख्तियारपुर में जन्मे नीतीश कुमार ने अपने करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में की थी। लेकिन बाद में वह राजनीति में सक्रिय हो गए। इमरजेंसी में जयप्रकाश नारायण आंदोलन से जुड़कर उन्होंने राजनीति में अपनी पहचान बनाई। 1985 में उन्होंने पहली बार हरनौत सीट से विधानसभा चुनाव जीता। 1990 के दशक में उन्होंने जॉर्ज फर्नांडिस के साथ मिलकर समता पार्टी बनाई और बाद में भाजपा के साथ गठबंधन किया। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उन्होंने रेल मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पद संभाले।

**'सुशासन बाबू' की छविः-**2005 में नीतीश कुमार ने सत्ता में आकर लालू प्रसाद यादव के 15 साल के शासन का अंत किया। इसके बाद उन्होंने कानून-व्यवस्था और विकास पर जोर देकर अपनी पहचान 'सुशासन बाबू' के रूप में बनाई। हालांकि उनके राजनीतिक करियर में कई बार गठबंधन बदलने के कारण आलोचकों ने उन्हें "पलटू कुमार" भी कहा।

**जेडीयू कार्यकर्ताओं का विरोधः-** नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर के बाद जेडीयू कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। कार्यकर्ता सीएम हाउस के बाहर जुटकर विरोध कर रहे हैं और रोते हुए नीतीश को बिहार न छोड़ने की अपील कर रहे हैं। बेगूसराय और नालंदा में भी प्रदर्शन हुआ। पटना में जेडीयू कार्यालय पर तोड़फोड़ और नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की गई।

# US हमले में ईरानी युद्धपोत डूबा, बंदरगाह इस्तेमाल के दावे को भारत ने बताया फर्जी




एजेंसी | तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का वीरवार को छठा दिन रहा। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री ने श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत पर हुए अमेरिकी हमले की कड़ी निंदा की है। ईरान ने इसे समुद्र में हुई बर्बरता बताया है। इस बीच एक बड़ा दावा सामने आया कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए भारत के बंदरगाहों और नौसैनिक ठिकानों का इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि भारत सरकार ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा कि अमेरिकी चैनल OAN पर किया गया यह दावा पूरी तरह झूठा और मनगढ़ंत है। मंत्रालय ने लोगों को ऐसे भ्रामक दावों से सावधान रहने की सलाह दी। दरअसल, अमेरिका के पूर्व सेना अधिकारी डगलस मैकग्रेगर ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि ईरान के हमलों के कारण अमेरिकी सैन्य ठिकाने तबाह हो गए हैं और अब अमेरिका को भारत के बंदरगाहों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। भारत सरकार ने इसे पूरी तरह निराधार बताया है।

**मिडिल ईस्ट में युद्ध और तेज**

इस बीच अमेरिका और इजराइल की संयुक्त सेनाओं द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद हालात और बिगड़ गए इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। युद्ध अब छठे दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात शांत होने के कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं।

**अमेरिकी हमले में ईरानी युद्धपोत डूबा**

युद्ध के दौरान एक और बड़ी घटना सामने आई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के पास हिंद महासागर में ईरान के युद्धपोत IRIS Dena को टॉरपीडो से डुबो दिया। बताया गया कि इस युद्धपोत पर करीब 180 नाविक सवार थे। हमले के बाद 32 लोगों को बचा लिया गया, जबकि 87 नाविकों के शव बरामद किए गए हैं और कई अब भी लापता हैं। यह हमला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 1945 के द्वितीय विश्व युद्ध बाद पहली बार अमेरिकी पनडुब्बी ने सीधे टॉरपीडो से किसी युद्धपोत को निशाना बनाया है।

**मार्क-48 टॉरपीडो से किया गया हमला**

अमेरिकी सेना के अनुसार इस हमले में मार्क-48 भारी टॉरपीडो का इस्तेमाल किया गया। यह लगभग 3800 पाउंड वजन का शक्तिशाली हथियार है जो सोनार तकनीक की मदद से लक्ष्य को खोजकर जहाज के नीचे जाकर विस्फोट करता है। इस विस्फोट से जहाज की मुख्य संरचना टूट जाती है और वह तेजी से समुद्र में डूब जाता है।

**हजार से ज्यादा लोगों की मौत**

रिपोर्ट्स के अनुसार इस युद्ध में अब तक ईरान में 1000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जबकि इजराइल में करीब एक दर्जन लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा छह अमेरिकी सैनिकों के भी मारे जाने की खबर है।

**तेल की कीमतों और वैश्विक बाजार पर असर**

युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 82 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं। तेल की कीमतों में तेजी और बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी जा रही है।

**फंसे विदेशियों को निकालने की कोशिश**

ओमान सरकार ने कहा है कि वह विभिन्न देशों और एयरलाइंस के साथ मिलकर खाड़ी क्षेत्र में फंसे विदेशी नागरिकों को उनके देशों तक पहुंचाने के लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था कर रही है। मिडिल ईस्ट में संघर्ष ने दुनिया की चिंता बढ़ा दी है और अर्थव्यवस्था तथा सुरक्षा पर इसके बड़े प्रभाव की आशंका जताई जा रही है।

## दुबई में फंसे लोगों की मदद के लिए आगे आए सोनू सूद

एजेंसी | मुंबई

इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब दुबई में भी देखने को मिल रहा है। सुरक्षा कारणों से दुबई से उड़ान भरने वाली कई फ्लाइटें रद्द कर दी गई हैं। फ्लाइटें रद्द होने के कारण भारत समेत कई देशों के नागरिक दुबई में फंस गए हैं। ऐसे मुश्किल समय में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद इन लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। सोनू सूद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि युद्ध के कारण कई लोग दुबई में फंसे हुए हैं। अगर किसी को यह समझ नहीं आ रहा कि ऐसे हालात में कहां जाएं या कहां ठहरें, तो उनकी तरफ से सुरक्षित और बिना किसी शुल्क के रहने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोई भी देश का नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकता है और इसके लिए कोई शर्त नहीं रखी गई है। सोनू सूद ने कहा कि यह कदम इंसानियत के नाते उठाया गया है। उन्होंने यह भी अपील की कि दुबई में फंसे लोग उनसे सीधे सोशल मीडिया पर संपर्क कर सकते हैं या फिर डुगस्ता प्रॉपर्टीज को संदेश भेज सकते हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से इस संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की अपील की है।

# कनाडा में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नैन्सी की हत्या

**मां बोली-पहले भी हुआ था हमला, घर को आग लगा दी थी**

समर न्यूज़ | जालंधर

कनाडा में रहने वाली 45 वर्षीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नैन्सी ग्रेवाल की ओंटारियो के लासाले स्थित उनके घर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार रात 9:30 बजे हमलावर घर में घुसे और उन पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद नैन्सी ग्रेवाल की मां तेजिंदर कौर मीडिया के सामने आईं और कई चौंकाने वाले खुलासे किए। नैन्सी मूल रूप से जालंधर की रहने वाली थीं। उनकी मां ने बताया कि उनकी बेटी की दुश्मनों ने बेरहमी से हत्या कर दी और वह अस्पताल तक भी नहीं पहुंच सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि नैन्सी के दुश्मन वहां के एक गुरुद्वारा साहिब में बैठे हुए हैं। तेजिंदर कौर ने आरोप लगाया कि जसवीर सिंह रोडे के साढू अवतार सिंह उनकी बेटी से दुश्मनी रखते थे और चाहते थे कि वह उनसे माफी मांगे। उनकी बेटी गरीबों की मदद करती थी। उन्होंने दावा किया कि विंडसर में खालिस्तानी समर्थकों से जुड़ा गुरुद्वारा भी है। मां ने यह भी बताया कि इससे पहले भी नैन्सी पर हमला हो चुका था और उनके घर को आग लगा दी गई थी, लेकिन उस समय वह बच गई थीं। एक बार किसी व्यक्ति को उनकी रेकी करने के लिए घर भेजा गया, जिसने अपना चेहरा ढका हुआ था। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर वह वहां से भाग गया। मां ने बताया कि उन्होंने 2 मार्च को आखिरी बार बेटी से फोन पर बात की थी।



**विवादों में रहती थीं नैन्सी ग्रेवाल**

नैन्सी ग्रेवाल अपने वीडियो कंटेंट को लेकर अक्सर विवादों में रहती थीं। वह अपनी वीडियो में कई लोगों और संगठनों पर तीखी टिप्पणियां करती थीं। नैन्सी ग्रेवाल ने कई बार पंजाब के कुछ नेताओं पर भी टिप्पणी की थी। इसके अलावा उन्होंने खालिस्तान मुद्दे, डेरा ब्यास और कई धार्मिक नेताओं के खिलाफ भी वीडियो बनाए थे, जिसके चलते वह लगातार चर्चा में बनी रहती थीं।

## फोनपे ने लॉन्च किया UPI के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन

एजेंसी | बेंगलुरु

फिनटेक दिग्गज फोनपे ने UPI भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा की शुरुआत की है। अब ग्राहकों को भुगतान के लिए बार-बार चार या छह अंकों का UPI पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके बजाय, वे अपने स्मार्टफोन के फिंगरप्रिंट सेंसर या फेस आईडी का उपयोग करके सीधे भुगतान कर सकेंगे। पिछले एक दशक से पिन डिजिटल वॉलेट का मुख्य द्वार रहा है। फोनपे में 'पेमेंट्स' के प्रमुख दीप अग्रवाल ने कहा कि यह फीचर 'हार्डवेयर-ग्रेड सिक्योरिटी' की एक परत जोड़ता है। पिन को साझा किया जा सकता है या चोरी किया जा सकता है, पर बायोमेट्रिक डेटा उपयोगकर्ता के भौतिक डिवाइस और उसके जैविक निशानों से जुड़ा होता है। स्मार्टफोन के सिक्योर एन्क्लेव तकनीक का उपयोग होने से यह डेटा कभी भी डिवाइस से बाहर नहीं जाता, जो इसे पारंपरिक डेटाबेस की तुलना में कहीं अधिक निजी और सुरक्षित बनाता है। यह सुविधा 2000 रुपये तक के लेनदेन के लिए वन-टच भुगतान की अनुमति देती है। इसका लाभ उन व्यस्त काउंटरों या मेट्रो स्टेशनों पर मिलेगा जहां समय की कमी होती है।

# कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए 6 उम्मीदवार ऐलाने

एजेंसी | हैदराबाद



कांग्रेस ने तेलंगाना से दो राज्यसभा सीटों के लिए अभिषेक मनु सिंघवी और वेम नरेंद्र रेड्डी को नॉमिनेट करने का फैसला किया है। पार्टी ने वीरवार को 10 राज्यों में 16 मार्च को होने वाले दो साल में होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए छह उम्मीदवारों की घोषणा की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी तेलंगाना से मौजूदा सदस्य हैं, जबकि रेड्डी अभी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के सलाहकार हैं। तेलंगाना में अप्रैल में दो सीटें खाली होंगी। इस बीच फूलो देवी नेताम, करमवीर बौद्ध और क्रिस्टोफर तिलक को क्रमशः छत्तीसगढ़, हरियाणा और तमिलनाडु से मैदान में उतारा गया है। एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी के सी वेणुगोपाल ने एक ऑफिशियल कम्युनिकेशन में नामों की घोषणा की। एआईसीसी की घोषणा के बाद नरेंद्र ने सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कांग्रेस नेताओं का शुक्रिया अदा करने के लिए सोशल मीडिया एक्स पर कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा कैंडिडेट के तौर पर मुझे अनाउंस करने के लिए सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, रेवंत रेड्डी, मीनाक्षी नटराजन, भट्टी विक्रमार्क, महेश कुमार गौड़ और कांग्रेस पार्टी हाईकमान को धन्यवाद लिखा। 10 राज्यों की 37 सीटों को भरने के लिए राज्यसभा के आने वाले दो साल में एक बार होने वाले चुनावों के लिए वोटिंग 16 मार्च को है, और गिनती उसी दिन शाम 5 बजे होगी। महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से चुने गए 37 मेंबर्स का टर्म अप्रैल महीने में खत्म हो जाएगा, जिससे नए मेंबर्स के चुने जाने के लिए सीटें खाली हो जाएंगी। नॉमिनेशन की आखिरी तारीख आज है, जिसके बाद 6 मार्च को स्क्रूटनी होगी। उम्मीदवार 9 मार्च तक अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** मेडिकल बॉक्स को पावर कार में, गार्ड पोर्शन में ब्रेक वैन के उपकरणों के साथ रखा जाएगा

# अब ट्रेनों और स्टेशनों पर मिलेगी इमरजेंसी मेडिकल सुविधा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सेहत को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की है। अक्सर सफर के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने या आपातकालीन स्थिति में इलाज मिलने में होने वाली देरी को देखते हुए, रेलवे अब 279 स्टेशनों और 177 ट्रेनों को आधुनिक मेडिकल किट और जरूरी दवाओं से लैस करने जा रहा है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सफर के दौरान त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान करना है।

**मेडिकल बॉक्स और उनकी सुरक्षा का खाका**

रेलवे के स्वास्थ्य विभाग को इन



मेडिकल बॉक्सों की खरीद और आपूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये बॉक्स ट्रेन के चलने वाले प्रारंभिक स्टेशनों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी के अनुसार, प्रत्येक मेडिकल बॉक्स को ट्रेन के पावर कार में, विशेष रूप से 'गार्ड पोर्शन' में ब्रेक वैन के उपकरणों के साथ रखा जाएगा। सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए इन किटों को 'वन टाइम लॉक' प्रणाली से सुरक्षित किया जाएगा। इसका अर्थ है कि एक बार सील होने के बाद इसे केवल आपातकालीन स्थिति में ही खोला जा सकेगा। ट्रेन का गार्ड पूरी यात्रा के दौरान इस किट का संरक्षक होगा।

**कड़ी निगरानी और प्रोटोकॉल**

ट्रेन शुरू होने से पहले ट्रेन मैनेजर यह सुनिश्चित करेगा कि मेडिकल बॉक्स पर लगा OTL पूरी तरह सुरक्षित है। यह जांच कैरिज एंड वैगन कर्मचारियों की मौजूदगी में की जाएगी। एक बार लॉक की पुष्टि हो जाने के बाद, ट्रेन मैनेजर इसकी सूचना कमर्शियल कंट्रोल को देगा। यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है कि आपात स्थिति में दवाइयां और उपकरण ट्रेन में मौजूद और सुरक्षित रहें।

**आपात स्थिति में ऐसे मिलेगी मदद**

सफर के दौरान यदि किसी यात्री की तबीयत बिगड़ती है, तो ऑन-बोर्ड स्टाफ तुरंत हरकत में आएगा। सबसे पहले, रिजर्वेशन चार्ट के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि क्या उस ट्रेन में कोई डॉक्टर या प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर यात्रा कर रहा है। साथ ही, कमर्शियल कंट्रोलर से संपर्क कर यात्री रिकॉर्ड्स में मौजूद डॉक्टरों की जानकारी जुटाई जाएगी। जैसे ही किसी डॉक्टर की पहचान होगी, टीटीई या ट्रेन अधीक्षक उनसे संपर्क कर उपलब्ध मेडिकल किट की मदद से मरीज को उपचार देने का अनुरोध करेंगे। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि डॉक्टरों की व्यक्तिगत जानकारी और गोपनीयता का पूरा सम्मान रखा जाएगा।

**रखरखाव और दवाओं की एक्सपायरी पर नज़र**

मेडिकल किट के उपयोग के बाद, उसे फिर से भरने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी। किट के भीतर एक रजिस्टर रखा जाएगा जिसमें उपयोग की गई वस्तुओं का विवरण दर्ज होगा। इसके अलावा, दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाएगा। बॉक्स पर दवाओं की एक्सपायरी डेट की एक स्पष्ट सूची होगी, ताकि समय रहते पुरानी दवाओं को बदला जा सके और सभी उपकरण चालू स्थिति में रहें। रेलवे की इस नई व्यवस्था से अब यात्रियों को 'गोल्डन ऑवर' में इलाज मिलना आसान होगा, जिससे रेल यात्रा न केवल आरामदायक बल्कि अधिक सुरक्षित भी बनेगी।

# हर एनकाउंटर की स्टोरी एक जैसी क्यों : हाईकोर्ट

## गुरदासपुर एनकाउंटर मामलाः हाईकोर्ट ने DGP से 2 हफ्ते में जवाब मांगा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

गुरदासपुर में एएसआई गुरनाम सिंह और होमगार्ड जवान अशोक कुमार की हत्या के आरोपी रणजीत सिंह के एनकाउंटर को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट ने वीरवार को सुनवाई करते हुए डीजीपी गौरव यादव से मामले का जवाब दो हफ्ते में देने को कहा। सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई, जिसमें कोर्ट ने कहा कि हम आंखें बंद करके नहीं बैठ सकते।

पुलिस ने एनकाउंटर के दौरान हथियार बरामद होने की बात कही और बताया कि 3-4 मुलाजिम मौके पर मौजूद थे। हालांकि कोर्ट ने सवाल उठाए कि हर एनकाउंटर की कहानी एक जैसी क्यों है? एडवोकेट तनु बेदी ने कहा कि नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक 34 एनकाउंटर हुए और सभी की कहानी एक जैसी ही है। डीजीपी ने सुनवाई में कहा कि इस मामले की जांच के लिए SIT गठित की गई है। अदालत ने पुलिस से पूरी डिटेल रिपोर्ट मांगी और मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च तय की। रणजीत सिंह की मां सुखजिंदर कौर भी हाईकोर्ट पहुंची और फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाते हुए रिटायर जज या CBI से जांच की मांग की। परिवार का दावा है कि रणजीत को घर से उठाकर थाने ले जाया गया और वहां टॉर्चर कर उसकी हत्या की गई। इसके बाद इसे एनकाउंटर बताया गया। परिवार ने पुलिस की कहानी पर सवाल उठाए कि पाकिस्तानी लिंक होने के दावे के बावजूद उसे केवल एक पुलिस गाड़ी में क्यों ले जाया गया? घटना 22 फरवरी 2026 को हुई थी, जब भारत-पाकिस्तान सीमा के पास आदियां पुलिस चौकी में एएसआई गुरनाम सिंह और होमगार्ड अशोक कुमार की लाश मिली। घटना की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान ने ली थी। 23 फरवरी को पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने हत्या का वीडियो जारी किया, जिसमें गुरनाम सिंह को सिर में गोली मारते दिखाया गया। एनकाउंटर के दौरान रणजीत सिंह को हथियार बरामद करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, लेकिन SHO की गाड़ी पलटने के बाद वह फरार हो गया। इसके बाद CIA की टीम ने पुराना शाला इलाके में घेरकर उसे एनकाउंटर में ढेर कर दिया। आरोपी साथी इंद्रजीत सिंह फरार और दिलावर सिंह पुलिस की गिरफ्त में हैं।

# रंग-गुलाल से नाच-गाते मनाई होली, बछगांव में 'चप्पल होली' तो शाहजहांपुर में 'लाट साहब'


होली खेलते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल।


होली खेलते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी।


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य लोग होली खेलते हुए।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाते हुए।


मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होली खेलते हुए।


बांके बिहारी मंदिर में होली खेलते हुए श्रद्धालु।


आनंदपुर साहिब में 'होला मोहल्ला' के दौरान एक दूसरे को गुलाल लगते हुए भुझंगी सिंह।

## नेताओं और आम लोगों ने खेली होली

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

भारत में बुधवार को होली का त्योहार पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर, मिठाइयाँ खिलाकर और संगीत पर नाचते-गाते हुए इस पर्व को मनाया। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक यह त्योहार लोगों के बीच भाईचारे और खुशियों का संदेश लेकर आया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह त्योहार पूरे वातावरण में नई ऊर्जा भर देता है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, "होली के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। रंग और उमंग से भरा यह त्योहार सभी के जीवन में खुशियों की बहार लाए।" उन्होंने यह भी कहा कि होली का उत्सव लोगों के जीवन में उल्लास और सकारात्मकता फैलाने का प्रतीक है।

उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में होली का विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर के बाहर भक्तों और स्थानीय लोगों ने रंगों के साथ जमकर होली खेली। हालांकि मंदिर के गर्भगृह के अंदर रंग खेलने की अनुमति नहीं थी। वहीं मथुरा जिले के बछगांव गांव में 150 साल पुरानी परंपरा के अनुसार 'चप्पल होली' मनाई गई, जिसमें बड़े बुजुर्ग मजाकिया अंदाज में छोटे सदस्यों को चप्पलों से हल्के-फुल्के प्रहार करते हैं। यह परंपरा अंग्रेजों के अत्याचारों के विरोध से जुड़ी मानी जाती है।

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भी 'लाट साहब' की अनोखी होली देखने को मिली। इस परंपरा के तहत एक व्यक्ति को औपनिवेशिक काल के 'लाट साहब' के रूप में सजाकर बैलगाड़ी पर बैठाया जाता है और लोग उसे प्रतीकात्मक रूप से जूतों से मारते हुए जुलूस निकालते हैं। यह परंपरा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जनता के व्यंग्य और विरोध का प्रतीक मानी जाती है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी होली का रंग राजनीतिक गलियारों में देखने को मिला। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने मनीष सिसोदिया के आवास पर 'कट्टर ईमानदार होली' मनाई। सिसोदिया ने कहा कि इस बार हवा में भ्रष्टाचार के नहीं बल्कि ईमानदारी के रंग उड़ेंगे। यह आयोजन हाल ही में आबकारी नीति मामले में अदालत से मिली राहत के बाद खास माना जा रहा है। वहीं कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। उन्होंने सभी को रंग लगाकर शुभकामनाएँ दीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व लोगों के बीच दूरियाँ मिटाने और खुशियाँ बाँटने का अवसर है।

राजस्थान में 'धुलंडी' के रूप में होली बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश के पर्यटक भी शामिल हुए। अजमेर के पुष्कर में अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव में बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों ने भाग लिया।

पंजाब के आनंदपुर साहिब में सिख समुदाय का प्रसिद्ध 'होला मोहल्ला' उत्सव भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं जम्मू में सेना और सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात रहते हुए स्थानीय लोगों के साथ होली का त्योहार मनाया।

पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा और झारखंड सहित कई राज्यों में भी लोगों ने रंगों के साथ इस पर्व का आनंद लिया। कोलकाता के कई इलाकों में बच्चों और युवाओं ने रंगों और पानी की पिचकारियों के साथ जमकर होली खेली।

# ईरान-इजरायल महाजंग का असर भारत तक; मोरबी का सिरेमिक उद्योग संकट में

### 600 से अधिक फैक्ट्रियां और 4 लाख मजदूरों की रोजी पर संकट

एजेंसी | गुजरात



मध्य पूर्व में जारी संघर्ष का असर अब भारत के उद्योगों पर भी दिखाई देने लगा है। गुजरात के मोरबी में स्थित दुनिया के सबसे बड़े सिरेमिक टाइल हब में इस समय गंभीर संकट के संकेत मिल रहे हैं। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण प्रोपेन और प्राकृतिक गैस की सप्लाई प्रभावित हो गई है, जो टाइल निर्माण उद्योग के लिए सबसे महत्वपूर्ण ईंधन माने जाते हैं।

मोरबी में सिरेमिक टाइल्स बनाने वाली 600 से ज्यादा फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। इन उद्योगों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 4 लाख लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। ये सभी इकाइयां मुख्य रूप से प्रोपेन और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। यदि गैस की आपूर्ति में यह बाधा लंबे समय तक बनी रहती है, तो कई कारखानों को उत्पादन रोकने की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

सिरेमिक टाइल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अनुसार, पिछले महीने सऊदी अरब के एक बंदरगाह पर तकनीकी समस्या के कारण गैस सप्लाई प्रभावित हुई थी, लेकिन मौजूदा युद्ध के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेशभाई बोपलिया मुताबिक उद्योग के पास प्रोपेन का स्टॉक केवल तीन दिन के लिए बचा है, जबकि प्राकृतिक गैस की उपलब्धता भी मुश्किल से एक सप्ताह तक ही रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही गैस सप्लाई सामान्य नहीं हुई, तो हमें उत्पादन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस समय हमारी सप्लाई चेन पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है।

उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने इस मुद्दे को लेकर गुजरात गैस के अधिकारियों के साथ बैठक भी की है। उनका मानना है कि अगर युद्ध लंबा खिंचता है, तो स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती है।

**उद्योग के सामने आर्थिक संकट की आशंका**

स्थानीय उद्योगपतियों ने इस स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया। सिरेमिक उद्योग फिलहाल बड़े आर्थिक संकट के मुहाने पर खड़ा है। उनके मुताबिक,"हमारा अधिकतर ईंधन खाड़ी देशों से आता है। अगर गैस सप्लाई जल्द सामान्य नहीं हुई, तो कई फैक्ट्रियां स्थायी रूप से बंद हो सकती हैं।"

उन्होंने यह भी आशंका जताई कि युद्ध लंबा चलने पर गैस की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है, जिससे उत्पादन लागत काफी बढ़ जाएगी। यदि गैस की कीमतें 100 प्रतिशत तक बढ़ जाती हैं और हमें उसी अनुपात में टाइल्स की कीमत बढ़ानी पड़ती है, तो यह देखना होगा कि बाजार इसे स्वीकार करेगा या नहीं। यह उद्योग के सामने बड़ी चुनौती होगी।

यदि कारखाने बंद होते हैं, तो न केवल लाखों मजदूरों की नौकरी खतरे में पड़ जाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ेगा। ऐसे में उद्योग से जुड़े लोग सरकार से जल्द हस्तक्षेप कर वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं।

**वैश्विक गैस सप्लाई पर भी असर**

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने वैश्विक गैस सप्लाई चेन को भी प्रभावित कर दिया है। दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत एलएनजी आपूर्ति होर्मुज जलडमरू मध्य के रास्ते होती है। युद्ध शुरू होने के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों की आवाजाही काफी कम हो गई है।

ईरान ने चेतावनी दी है कि इस मार्ग से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाया जा सकता है, जिससे गैस की कमी और कीमतों में तेजी देखी जा रही है। इसके साथ ही अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों के जवाब में ईरान ने अपने कुछ पड़ोसी देशों में मौजूद गैस सुविधाओं को भी निशाना बनाया है। इन देशों में कतर जैसे बड़े गैस निर्यातक शामिल हैं। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है, तो गैस पर निर्भर दुनियाभर के उद्योगों को बड़ा आर्थिक झटका लग सकता है।

# केंद्र का अमेरिका ट्रेड समझौता पूरे भारत के किसानों के लिए खतनाक : परगट

जगदीश। नवांशहर
समर न्यूज़



जालंधर से कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने नवांशहर में कांग्रेस कार्यलय में मीडिया वार्ता में केंद्र सरकार की तरफ से अमरीका सरकार के साथ किए ट्रेड समझौते को पूरे किसानों के लाई खतरनाक बताया।

उन्होंने कहा कि समझौता लागू होने पर 500 करोड़ डॉलर का सम्मान अमेरिका से खरीदना पड़ेगा।इस के अलावा इराक ,रशिया से खरीदे जाने वाला तेल व्यापार पर पड़ेगा असर पड़ेगा। प्रगट सिंह ने कहा कि इस समझौते से पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश महाराष्ट्र किसान प्रभावित होगे। कांग्रेस लोगों को जागृत करने के लिए गांव शहर की गली तक आवाज लगा रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे इस लड़ाई के लिए बड़े सत्रह पर संघर्ष को तैयार को तैयार है। उधर उन्होनें केंद्र पर मनरेगा को खत्म करके जी राम जी योजना से मजदूरों की हालत पतली हो गईं। अब कांग्रेस लोगों के हक के लिया लड़ रही है ।इस अवसर पूर्व एमएलए अंगद सिंह सैनी, जिला प्रधान अजय मांगूपुर, बंगा राजिंदर शर्मा, हरबंत सिंह मकसूदपुर, रणजीत सिंह मजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर के मालिक पर बाइक सवार हमलावरों ने गोली चलाई

समर न्यूज़ | गढ़शंकर

होशियारपुर में बुधवार रात गढ़शंकर-चंडीगढ़ सड़क के अड्डा समुद्री क्षेत्र में दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने एक मेडिकल स्टोर के मालिक तरसेम लाल पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार गोली पीड़ित के पेट के दाईं तरफ लगी।

तरसेम लाल अपनी दुकान बंद कर रहे थे तभी नकाबपोश हमलावरों ने उस पर फायरिंग की। उन्हें पहले गढ़शंकर के सिविल अस्पताल ले जाया गया और बाद में नवांशहर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, तरसेम लाल ने जांचकर्ताओं को बताया कि उनका किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और उन्हें किसी तरह की जबरी वसूली की धमकी भी नहीं मिली थी। डीएसपी (गढ़शंकर) दलजीत सिंह खख ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 109 (हत्या की कोशिश) और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत FIR दर्ज की गई है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर हमलावरों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# डीटीसी इलेक्ट्रिक बस में लगी आग

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के एमबी रोड पर बत्रा अस्पताल के पास अफरा-तफरी मच गई जब एक डीटीसी इलेक्ट्रिक बस में अचानक आग लग गई। यह बस रूट नंबर 544 पर आर.के. पुरम से बदरपुर बॉर्डर जा रही थी। आग ने तेजी से पूरे वाहन को घेर लिया और कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जल गई। सौभाग्य से, ड्राइवर और कंडक्टर की सतर्कता के कारण सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर फायर विभाग तुरंत पहुंचा और आग पर काबू पाया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

काबिले-तारीफ

लंगर कमेटियों को लाखों की संख्या में वितरित किए गए बायोडिग्रेडेबल बर्तन

# पीपीसीबी ने एसजीपीसी के सहयोग से चलाई 'प्लास्टिक-मुक्त होला मोहल्ला' मुहिम

समर न्यूज़ | आनंदपुर साहिब





सिख धर्म के प्रमुख और ऐतिहासिक पर्व 'होला मोहल्ला' की पवित्रता तथा पर्यावरण की स्वच्छता को बनाए रखने के उद्देश्य से पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पी.पी.सी.बी.) ने इस आयोजन को प्लास्टिक-मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक अभियान सफलतापूर्वक चलाया। इस अभियान के अंतर्गत बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण पर्यावरण-हितैषी पहल करते हुए श्री आनंदपुर साहिब में विभिन्न कमेटियों द्वारा संचालित लंगरों में लाखों की संख्या में बायोडिग्रेडेबल और कंपोस्टेबल डिस्पोज़ेबल वस्तुएँ निःशुल्क उपलब्ध करवाईं गईं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस मुहिम का औपचारिक शुभारंभ 1 मार्च 2026 को पी.पी.सी.बी. की चेयरपर्सन रीना गुप्ता और सदस्य सचिव लवनीत दूबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अकाल तख्त साहिब और तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज से मुलाकात कर किया। अभियान शुरू करने से पहले विभाग ने इसकी प्रारंभिक तैयारियाँ लगभग एक सप्ताह पहले ही शुरू कर दी थीं, जिनमें लंगर कमेटियों से संपर्क करना, उनकी आवश्यकताओं का आकलन करना और जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करना शामिल था।

प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के दौरान विशेष रूप से पर्यावरण-अनुकूल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए पी.पी.सी.बी. ने 20 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले बायोडिग्रेडेबल विकल्पों की आपूर्ति सुनिश्चित की। होला मोहल्ला के दौरान 7 लाख बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक कप, 6.5 लाख बायोडिग्रेडेबल चम्मच, 2.5 लाख प्लेटें, 5 लाख बायोडिग्रेडेबल कटोरियाँ तथा अन्य सामग्री, 5,000 बायोडिग्रेडेबल कचरा बैग और 30,000 बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग (कड़ा प्रसाद के लिए) विभिन्न लंगरों और गुरुद्वारों में वितरित किए गए। प्रवक्ता के अनुसार इस बड़े अभियान को ज़मीनी स्तर पर लागू करने के लिए पी.पी.सी.बी. की 20 समर्पित टीमों और स्वयंसेवकों ने व्यापक सहयोग दिया। यह अभियान 27 फरवरी 2026 से 4 मार्च 2026 तक पूरे उत्साह के साथ चलाया गया। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेयरपर्सन रीना गुप्ता ने कहा कि गुरु साहिब का संदेश "पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत" — हमें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और संरक्षण करने की प्रेरणा देता है। इसलिए होला मोहल्ला के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने से बढ़कर कोई और बेहतर प्रयास नहीं हो सकता।

# रूस ने भारत को 95 लाख बैरल तेल देने का दिया आश्वासन

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

मध्य पूर्व में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर संकट के संकेत मिल रहे हैं। भारत के पास फिलहाल केवल 25 दिनों का कच्चे तेल का भंडार बचा है। ऐसे में रूस ने भारत को 95 लाख बैरल कच्चा तेल भेजने की पेशकश की है, जिसे कुछ ही हफ्तों में भारत पहुंचाया जा सकता है।

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद समुद्री रास्तों पर खतरा बढ़ गया है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य में। यह मार्ग भारत के लगभग 40 प्रतिशत कच्चे तेल के आयात का प्रमुख स्त्रोत है। अगर यह मार्ग बंद होता है तो भारत को वैकल्पिक स्त्रोतों से तेल प्राप्त करना होगा। रूस ने ऐसे समय में भारत को अतिरिक्त तेल उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की रिफाइनरियां रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चे तेल प्रोसेस करती हैं। इसलिए यह आपूर्ति तत्काल राहत प्रदान कर सकती है। वहीं, कतर ने एलएनजी उत्पादन कम कर दिया है, जिससे भारत में कुछ उद्योगों को गैस आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। रूस ने भारत को एलएनजी उपलब्ध कराने की भी तैयारी दिखाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में वैश्विक ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव तेज हो सकते हैं और भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना होगा। यह कदम भारत की ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखने और संकट के समय वैकल्पिक विकल्प सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

द SUMMER न्यूज़

# समर प्राइम 3

www.summerexpress.in

6 मार्च 2026

समर एक्सप्रेस

# पंजाब में बनेंगे 7 नए मेडिकल कॉलेज

## 600 से ज्यादा एमबीबीएस सीटें बढ़ेंगी, विदेश में स्टडी का रूझान खत्म होगा

शालू मिरॉक | चंडीगढ़
समर न्यूज़



पंजाब में मेडिकल शिक्षा को मजबूत करने और छात्रों को विदेश जाने से रोकने के उद्देश्य से राज्य सरकार 7 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। यह कदम खास तौर पर उस स्थिति के बाद उठाया गया, जब रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान विदेश में पढ़ रहे कई भारतीय, खासकर पंजाब के छात्र वहां फंस गए थे। बाद में भारत सरकार ने ऑपरेशन गंगा के जरिए उन्हें सुरक्षित वापस लाया था, यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने द समर न्यूज़ से खास बातचीत में दी। डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि राज्य में मेडिकल शिक्षा के अवसर बढ़ाने के लिए सात नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इसके तहत होशियारपुर में शहीद उधम सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बनाया जा रहा है, जहां लगभग 100 एमबीबीएस सीटें होंगी। इसके साथ ही कपूरथला में भी सरकारी मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू किया जाएगा। शहीद भगत सिंह नगर, संगरूर जिले के लहरागागा, मलेरकोटला तथा लुधियाना के भुटा गांव में निजी क्षेत्र की भागीदारी से मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

जैन समाज और जीआईएस ग्रुप जैसे संस्थान भी इस परियोजना में सहयोग कर रहे हैं। इन सातों कॉलेजों में मिलाकर 600 से अधिक एमबीबीएस सीटें उपलब्ध होंगी। इनमें से करीब 400 से ज्यादा सीटें सरकारी कोटे में और लगभग 200 सीटें मैनेजमेंट कोटे में होंगी। सरकार का कहना है कि इससे नीट पास करने वाले उन छात्रों को बड़ा लाभ मिलेगा, जिन्हें सीट न मिलने के कारण विदेश जाना पड़ता था।

स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार पंजाब में मेडिकल पढ़ाई की फीस पड़ोसी राज्यों हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की तुलना में कम है। साथ ही निजी कॉलेजों में भी 50 प्रतिशत सीटें सरकारी कोटे के तहत रखी जाएंगी। सरकार का मानना है कि इन नए मेडिकल कॉलेजों के बनने से न केवल मेडिकल शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी, लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत बड़े अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा लगातार बढ़ाई जा रही है, जिसमें पीजीआई चंडीगढ़ में भी सेवाएं उपलब्ध होनी शुरू हो गई हैं।

# टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर को बदलना पड़ा पार्टी का नाम

एजेंसी | मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले की अल्पसंख्यक बहुल भरतपुर विधानसभा सीट से विधायक हुमायूं कबीर ने अपनी नई पार्टी का नाम बदल दिया है। चुनाव आयोग ने उनके प्रस्तावित दल के नाम को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्हें यह फैसला लेना पड़ा। कबीर ने शुरुआत में अपनी पार्टी का नाम जनता उन्नयन पार्टी रखा था। निर्वाचन आयोग ने इस नाम को स्वीकार नहीं किया। आयोग का कहना था कि इस नाम से पहले ही एक राजनीतिक दल पंजीकृत है। इसके बाद कबीर ने अपनी पार्टी का नया नाम 'आम जनता उन्नयन पार्टी' (एजेयूपी) घोषित किया है। हुमायूं कबीर ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने पिछले हफ्ते उनके पुराने नाम की सिफारिश दिल्ली भेजी थी। दिल्ली स्थित चुनाव आयोग मुख्यालय ने सूचित किया कि यह नाम पहले से किसी और के पास है।

# मोहाली की 'एक्सपो सिटी' में बनेगा देश का पहला AI टावर

## 300 कंपनियां करेंगी काम, एससीओ एक्सपो सिटी में ही होगा

समर न्यूज़ | मोहाली

मोहाली में देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टावर लगाया जाएगा। इसकी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। यहां देश-विदेश की लगभग 300 एआई आधारित कंपनियां काम करेंगी। यहां केवल सॉफ्टवेयर नहीं, एआई से जुड़े उत्पादों का निर्माण भी होगा। इससे पंजाब के स्टार्टअप को मजबूती मिलेगी।

यह एआई टावर चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक 'एक्सपो सिटी' में बनेगा। इस 'एक्सपो सिटी' को 183.5 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना रुड़का, धर्मगढ़, शफीपुर और लडियाली गांवों की भूमि पर प्रस्तावित है।

इसकी निगरानी के लिए हाईलेवल अफसरों की संयुक्त कमेटी का भी गठन किया जा रहा है। शुक्रवार को धारा 4 व 6 की भी अधिसूचना जारी हो गई है। एक-दो महीने में धारा 11 की अधिसूचना भी जारी हो जाएगी। इसके बाद एक्सपो सिटी क्षेत्र में किसी भी तरह की खरीद फरोख्त बंद हो जाएगी।



गमाडा ने एक्सपो सिटी परियोजना के लिए विशेष लैंड पूलिंग नीति अधिसूचित की है। जिन भूस्वामियों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी, उन्हें प्रति 1 एकड़ के बदले 800 वर्ग गज का कॉमर्शियल एरिया यानी एससीओ एक्सपो सिटी में ही दिया जाएगा। इससे जमीन मालिकों को प्रीमियम कॉमर्शियल हब का सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।

### एक्सपो सिटी की खासियत

- 10 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला एग्जिबिशन ग्राउंड।
- 20 एकड़ में विशाल मेगा मॉल होगा।
- कॉमर्शियल और बिजनेस जोन के भीतर अत्याधुनिक एआई टावर बनेगा।
- कृषि क्षेत्र के लिए स्मार्ट सेंसर और डेटा-आधारित फसल प्रबंधन प्रणाली
- एडवांस डायग्नोस्टिक टूल्स और हेल्थ-टेक समाधान, उद्योगों के लिए ऑटोमेशन और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम।

**▪ हजारों रोजगार व पंजाब को नई पहचान मिलेगी**

एआई टावर और एक्सपो सिटी परियोजना से हजारों नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट, सॉफ्टवेयर डेवलपर, रिसर्च एनालिस्ट, साइबर एक्सपर्ट के अलावा हॉस्पिटैलिटी, ट्रांसपोर्ट, रिटेल और मेंटिनेंस सेक्टर को भी व्यापक लाभ मिलेगा। पंजाब सरकार का मानना है कि इससे युवाओं का पलायन कम होगा और उन्हें अपने ही राज्य में वैश्विक अवसर प्राप्त होंगे।

# ईरान पर हमले में एआई टूल के इस्तेमाल करने का दावा

## सरकारी प्रतिबंध के बावजूद 'क्लॉड' तकनीक के उपयोग पर उठे सवाल, रक्षा विभाग और कंपनी आमने-सामने

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमले में उसी एआई कंपनी एन्थ्रोपिक के टूल्स के इस्तेमाल का दावा किया गया है, जिस पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सरकारी प्रतिबंध लगाया था। अमेरिकी मीडिया हाउस द वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट में मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सेंट्रल कमांड समेत दुनिया भर की कमांड इकाइयां एन्थ्रोपिक के 'क्लॉड' एआई टूल का उपयोग करती रही हैं। हालांकि, सेंट्रल कमांड ने ईरान के खिलाफ मौजूदा ऑपरेशन में इस्तेमाल हो रही प्रणालियों पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। जानकारों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद इस टूल का इस्तेमाल इंटेलिजेंस असेसमेंट, टारगेट की पहचान और युद्ध परिस्थितियों के सिमुलेशन के लिए किया जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि सैन्य अभियानों में एआई तकनीक कितनी गहराई तक शामिल हो चुकी है।

**▪ सुरक्षा जोखिम को लेकर विवाद**

पेंटागन में एआई मॉडल्स के उपयोग को लेकर सरकार और Anthropic के बीच महीनों से विवाद चल रहा है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में सरकारी एजेंसियों को कंपनी के साथ काम बंद करने का आदेश दिया था। रक्षा विभाग ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और सप्लाई चेन के लिए संभावित खतरा बताया था।

विवाद तब और बढ़ गया जब कंपनी ने रक्षा विभाग को अपने टूल के बिना शर्त उपयोग की अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसका अनुबंध रद्द कर दिया गया। रक्षा विभाग चाहता था कि अनुबंध होने के बाद एआई टूल का इस्तेमाल सभी कानूनी परिस्थितियों में किया जा सके, जिसमें खुफिया जानकारी जुटाना और हमलों के लक्ष्य तय करना शामिल है।

लेकिन एन्थ्रोपिक 'सुरक्षित एआई' की नीति पर जोर देती है। कंपनी ने अनुबंध में यह शर्त रखने की कोशिश की कि उसके एआई टूल का उपयोग घातक सैन्य अभियानों या सीधे तौर पर जान लेने के लिए न किया जाए।

**▪ वैकल्पिक समझौते और नई साझेदारियां**

ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि सेना से इस तकनीक को पूरी तरह हटाने में कम से कम छह महीने लग सकते हैं, क्योंकि यह प्रक्रिया जटिल है। डेटा माइनिंग फर्म जैसे Palantir Technologies भी इसी तकनीक के जरिए सैन्य डेटा प्रोसेस करती हैं। विकल्प के तौर पर पेंटागन ने xAI और ओपन एआई के साथ क्लासिफाइड सेटिंग्स में काम करने के लिए समझौते किए हैं।

**▪ वेनेजुएला ऑपरेशन में भी उपयोग** – रिपोर्ट के अनुसार, 'क्लॉड' एआई का इस्तेमाल वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोस मादुरो को पकड़ने से जुड़े बड़े सैन्य ऑपरेशन में भी किया गया था। यह उन शुरुआती मामलों में से एक था, जब किसी बड़े और गोपनीय सैन्य अभियान में एआई तकनीक का व्यापक उपयोग सामने आया।

### क्या है 'क्लॉड' एआई

क्लॉड एक उन्नत एआई चैटबॉट है, जो टेक्स्ट जनरेशन, डेटा विश्लेषण और कोडिंग जैसे कार्यों में सक्षम है। एन्थ्रोपिक की स्थापना वर्ष 2021 में ओपनएआई के पूर्व अधिकारियों ने की थी। हालिया फंडिंग राउंड के बाद कंपनी का मूल्यांकन लगभग 380 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

### युद्ध में एआई की भूमिका

सैन्य अभियानों में एआई का उपयोग मुख्य रूप से इन क्षेत्रों में किया जाता है। डेटा विश्लेषणः दुश्मन के ठिकानों की सैटेलाइट तस्वीरों का अध्ययन। इंटेलिजेंस सारांशः हजारों गोपनीय दस्तावेजों का संक्षिप्त विश्लेषण। लॉजिस्टिक्स प्रबंधनः हथियारों और सैनिकों की आवाजाही का सटीक समय निर्धारण। टारगेट पहचानः घनी आबादी वाले इलाकों में छिपे ठिकानों की पहचान। स्पष्ट है कि एआई तकनीक अब आधुनिक युद्ध रणनीति का अहम हिस्सा बन चुकी है, लेकिन इसके नैतिक और सुरक्षा संबंधी पहलू वैश्विक बहस का विषय बने हुए हैं।

# शोधः प्रोस्टेट कैंसर के ट्यूमर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी

**शोध में 90% कैंसरग्रस्त नमूनों में प्लास्टिक कण मिले, वैज्ञानिकों ने संभावित जोखिम कारक की ओर किया संकेत**

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रोस्टेट कैंसर पर किए गए एक नए अमेरिकी अध्ययन ने चिंताजनक संकेत दिए हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित लगभग 10 में से 9 पुरुषों के ट्यूमर में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद था। इतना ही नहीं, कैंसरग्रस्त ऊतकों में पास के स्वस्थ प्रोस्टेट टिश्यू की तुलना में औसतन करीब 2.5 गुना अधिक प्लास्टिक पाया गया।

यह शोध एनवाईयू लैंगोन हेल्थ और एनवाईयू ग्रॉसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। शोधकर्ताओं के अनुसार पश्चिमी देशों में यह पहला अध्ययन है जिसमें सीधे प्रोस्टेट ट्यूमर के भीतर प्लास्टिक कणों को मापा गया है। जांच पर्लमटर कैंसर सेंटर और सेंटर फॉर द इन्वेस्टिगेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैजर्ड्स में की गई। टीम ने प्रोस्टेट ग्रंथि हटाने की सर्जरी करा रहे 10 मरीजों के टिश्यू सैंपल्स का अध्ययन किया। परिणामों के अनुसार ट्यूमर सैंपल्स के 90 प्रतिशत हिस्से में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया, जबकि गैर-कैंसरयुक्त (बेनाइन) प्रोस्टेट टिश्यू के 70 प्रतिशत नमूनों में भी प्लास्टिक कण मौजूद थे। मात्रा के स्तर पर अंतर और स्पष्ट था। कैंसरग्रस्त टिश्यू में औसतन प्रति ग्राम करीब 40 माइक्रोग्राम प्लास्टिक मिला, जबकि स्वस्थ टिश्यू में यह आंकड़ा लगभग 16 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम रहा।

वैज्ञानिकों के मुताबिक फूड पैकेजिंग, कॉस्मेटिक्स और रोजमर्रा के कई उत्पादों में इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक गर्म होने, घिसने या रासायनिक प्रक्रिया के दौरान बेहद सूक्ष्म कणों में टूट सकता है। ये माइक्रोप्लास्टिक भोजन के जरिए, प्रदूषित हवा में सांस लेने से या त्वचा के संपर्क के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। पहले के अध्ययनों में माइक्रोप्लास्टिक लगभग हर अंग, शारीरिक द्रवों और यहां तक कि प्लेसेंटा में भी पाया जा चुका है, लेकिन मानव स्वास्थ्य पर इनके दीर्घकालिक प्रभाव अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। एनवाईयू ग्रॉसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में यूरोलॉजी व पॉपुलेशन हेल्थ विभाग की प्रोफेसर डॉ. स्टेसी लोएब ने कहा कि यह पायलट अध्ययन महत्वपूर्ण सबूत देता है कि माइक्रोप्लास्टिक का संपर्क प्रोस्टेट कैंसर के लिए एक संभावित जोखिम कारक हो सकता है। पहले के शोध माइक्रोप्लास्टिक को हृदय रोग और डिमेंशिया जैसी स्थितियों से जोड़ चुके हैं, लेकिन प्रोस्टेट कैंसर से सीधे संबंध दिखाने वाले प्रमाण बेहद सीमित थे।

### सैंपल में मिलावट रोकने के लिए सख्त प्रोटोकॉल

मेडिकल और लैब उपकरणों में प्लास्टिक का व्यापक उपयोग होता है, इसलिए टीम ने संभावित संदूषण से बचने के लिए विशेष सावधानियां बरतीं। प्लास्टिक टूल्स की जगह एल्यूमिनियम, कॉटन और अन्य गैर-प्लास्टिक सामग्री का उपयोग किया गया। सभी परीक्षण विशेष क्लीन रूम में किए गए, जो खासतौर पर माइक्रोप्लास्टिक विश्लेषण के लिए तैयार किए गए थे। वैज्ञानिकों ने 12 सबसे आम प्लास्टिक अणुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष उपकरणों की मदद से कणों की मात्रा, रासायनिक संरचना और बनावट की विस्तृत जांच की।

# राज्यसभा में प्रियंका चतुर्वेदी को ना भेजने का कारण शरद पवार

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

राज्यसभा चुनाव को लेकर शिवसेना (UBT) ने बड़ा दावा किया है। पार्टी नेता संजय राउत ने कहा कि सियासी समीकरणों और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) मुखिया शरद पवार की उम्मीदवारी कुछ अहम कारण हैं, जिनकी वजह से हमारी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव में प्रियंका चतुर्वेदी को फिर से उम्मीदवार नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती थी कि प्रियंका राज्यसभा के लिए फिर से चुनी जाएं। मगर, पार्टी के पास पर्याप्त संख्या नहीं है, जिससे पवार जैसे वरिष्ठ नेता के मैदान में उतरने से इस सीट पर चुनाव लड़ना मुश्किल हो गया। अगर सियासी समीकरण हमारे पक्ष में होते और शरद पवार चुनाव नहीं लड़ते तो शिवसेना (UBT) इस सीट पर चुनाव लड़ती। साथ ही प्रियंका चतुर्वेदी को एक और मौका देती। बता दें कि महाराष्ट्र से राज्यसभा की 7 सीट अगले महीने खाली हो रही हैं। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में महाराष्ट्र से महाविकास आघाडी उम्मीदवार के तौर पर शरद पवार के समर्थन का ऐलान किया है। इस फैसले के साथ ही एमवीए उम्मीदवार को लेकर जारी अटकलों पर विराम लग गया। इससे पहले एमवीए में शामिल 3 दलों (कांग्रेस, एनसीपी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (UBT) ने इस सीट पर उम्मीदवारी के लिए अपना-अपना दावा पेश किया था।

# मध्यपूर्व तनाव से फंसे यात्रियों के लिए ट्रैवल बीमा है कारगर

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

मध्यपूर्व में गहराते तनाव ने अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्राओं को बुरी तरह प्रभावित किया है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ती तनातनी के कारण कई प्रमुख एयरलाइंस ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं या एहतियात के तौर पर मार्गों में बदलाव किया है। इस अचानक हुए फेरबदल की वजह से सैकड़ों भारतीय यात्री विदेशी ट्रांजिट एयरपोर्ट्स पर फंस गए हैं। ऐसे मुश्किल वक्त में सवाल यह उठता है कि क्या लाखों रुपये खर्च करके लिया गया ट्रैवल इंश्योरेंस इस संकट की घड़ी में उनकी कोई आर्थिक मदद करेगा? यात्राओं के विपरीत, विदेशी दौरों के लिए ट्रैवल इंश्योरेंस लेना एक बेहद जरूरी कदम माना जाता है। लेकिन, मौजूदा संकट जैसी स्थिति में बीमा कंपनी आपको क्लेम देगी या नहीं, यह दो बातों पर निर्भर करता है। पहला, आपकी यात्रा में बाधा आने का असली कारण क्या है और दूसरा, आपने बीमा पॉलिसी कब खरीदी थी। किसी भी यात्री के क्लेम पर तभी विचार किया जाता है जब उसने उस क्षेत्र में विवाद या समस्या शुरू होने से पहले ही अपनी पॉलिसी खरीद ली हो। अगर जियोपॉलिटिकल तनाव बढ़ने के कारण अचानक दुबई, कतर, तेहरान या पश्चिम एशिया के किसी अन्य हिस्से में एयरस्पेस बंद हो जाता है और यात्री फंस जाता है, तो 'ट्रिप डिले', 'ट्रिप इंटरप्शन' या 'मिस्ड कनेक्शन' के फायदों के तहत बीमा कंपनी भरपाई कर सकती है। शर्त सिर्फ यही है कि कवरेज समस्या पनपने से पहले लिया गया हो।जब बात युद्ध या सैन्य टकराव की आती है, तो बीमा कंपनियों के नियम काफी सख्त हो जाते हैं। सक्रिय युद्ध की स्थिति में आम तौर पर 'वॉर एक्सक्लूजन क्लॉज' लागू हो जाता है और बीमा कंपनी लायबिलिटी कवर नहीं करती। हालांकि, अगर उड़ानें रद्द होने या एयरपोर्ट बंद होने जैसी किसी ऑपरेशनल दिक्कत के कारण यात्री फंसते हैं, तो बीमा कंपनियां दावे पर विचार करती हैं। पेच तब फंसता है जब अघोषित टकराव, एहतियातन डायवर्जन या अचानक एयरस्पेस शटडाउन जैसी स्थिति पैदा होती है, जिसे आधिकारिक युद्ध घोषित नहीं किया गया हो। लंबे समय तक एयरपोर्ट पर फंसे रहने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ना लाजमी है। ऐसे में किसी यात्री के बीमार पड़ने या दुर्घटना का शिकार होने का जोखिम बना रहता है। अगर कोई यात्री किसी ऐसी बीमारी या दुर्घटना का शिकार होता है जिसका मौजूदा सैन्य टकराव से कोई सीधा संबंध नहीं है, तो अस्पताल में भर्ती होने, इलाज या इमरजेंसी इवैक्यूएशन का क्लेम आम तौर पर आसानी से पास हो जाता है। यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि अगर स्वास्थ्य नुकसान किसी मिलिट्री एक्शन के कारण हुआ है, तो क्लेम नामंजूर होगा।



समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए।

**जैस्मीन पाहवा**
**डू गुड फाउंडेशन**

पेज 3 एंकर स्टोरी

## बुर्ज खलीफा से पाम जुमेराह तक अमीर भारतीयों और सेलेब्रिटीज के बड़े निवेश की कहानी

# मिडिल ईस्ट तनाव में दुबई बना रियल एस्टेट का अहम केंद्र


समर न्यूज़ | नई दिल्ली

इजराइल-अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद ईरान ने मिडिल ईस्ट के आठ देशों पर जवाबी कार्रवाई की। इन घटनाओं में दुबई का नाम भी सामने आया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब दुबई में अमेरिका का कोई सैन्य अड्डा नहीं है, तो यह शहर इस संघर्ष में अहम क्यों माना जा रहा है। दरअसल, दुबई दुनिया के कई देशों के लिए आर्थिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण केंद्र है।

**▪ बुर्ज खलीफा में लग्जरी जीवनशैली** – बुर्ज खलीफा दुनिया की सबसे ऊंची इमारत होने के साथ-साथ शान और वैभव की प्रतीक भी है। यहां मौजूद लग्जरी अपार्टमेंट्स और होटल ऐशो-आराम से भरपूर हैं। एक सिंगल बेडरूम यूनिट का सालाना किराया 1.5 लाख से 1.8 लाख दिरहम तक है, जो भारतीय मुद्रा में करीब 42 लाख रुपये या उससे अधिक बैठता है। अपनी प्राइम लोकेशन के कारण इसे दुनिया की सबसे महंगी अपार्टमेंट बिल्डिंग्स में गिना जाता है।

यूनाइटेड अरब अमीरात में रहने वाले भारतीय मूल के कारोबारी जॉर्ज वी नेरेमपरम्बिल के पास बुर्ज खलीफा में 22 लग्जरी अपार्टमेंट हैं, जो दुबई में भारतीय निवेश की मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है।

**▪ पाम जुमेराह और सेलेब्रिटी निवेश** – पाम जुमेराह दुबई की सबसे चर्चित लोकेशनों में से एक है।



यहां समुद्र किनारे आलीशान विला और निजी बीच वाली संपत्तियां करोड़पतियों और सेलेब्रिटीज को आकर्षित करती हैं। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान पाम जुमेराह पर स्थित अपने 'जन्नत' विला के मालिक हैं, जिसमें निजी बीच की सुविधा है। यह संपत्ति उन्हें डेवलपर नखील की ओर से भेंट की गई थी। मुकेश अंबानी का दुबई स्थित विला करीब 640 करोड़ रुपये का बताया जाता है, जिसमें 10 बेडरूम, 70 मीटर लंबा निजी बीच और कई स्विमिंग पूल शामिल हैं। अमिताभ बच्चन परिवार का दो मंजिला विला सैंक्चुअरी फॉल्स, जुमेरा गोल्फ एस्टेट्स में स्थित है। शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पास पाम जुमेराह में बीचफ्रंट विला है। अनिल कपूर ने दुबई की अल फुरजान कम्युनिटी में 2 बीएचके अपार्टमेंट में निवेश किया है। मलाइका अरोड़ा का नाम भी दुबई की लग्जरी प्रॉपर्टी निवेश सूची में शामिल है। टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के पास भी पाम जुमेराह में समुद्र के सामने शानदार विला है।

### यूएई में बसे भारतीय मूल के अरबपति

मिडिल ईस्ट में यूएई भारतीय अरबपतियों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। वर्ष 2025 में यहां रहने वाले भारतीय मूल के 10 अरबपतियों की कुल संपत्ति लगभग 44.5 अरब डॉलर आंकी गई, जो 2024 के 53.4 अरब डॉलर से कम है। इनमें प्रमुख नाम हैं विनोद अडानी 14.9 अरब डॉलर की नेट वर्थ, दुबई में निवास। रेणुका जगतियानी 5.6 अरब डॉलर की नेट वर्थ, दुबई में निवास। यूसुफ अली 5.5 अरब डॉलर की नेट वर्थ, अबू धाबी में घर। सनी वर्की 3.9 अरब डॉलर की नेट वर्थ, दुबई में निवास। रवि पिल्लई 3.7 अरब डॉलर की नेट वर्थ, दुबई में घर। स्पष्ट है कि दुबई केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि वैश्विक निवेश, व्यापार और रियल एस्टेट का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यही कारण है कि किसी भी क्षेत्रीय तनाव में दुबई का नाम चर्चा में आना स्वाभाविक हो जाता है।

# हरियाणा विधानसभा में तालाब, सड़क और शिक्षा के मुद्दों पर गरमाई बहस

## प्रश्नकाल में गीता भुक्कल और मंत्री कृष्ण लाल पंवार आमने-सामने; शिक्षकों की कमी और आईएमटी को लेकर भी उठे सवाल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन सदन में विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर जोरदार बहस देखने को मिली। प्रश्नकाल के दौरान गांवों के तालाबों की स्थिति को लेकर कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल और मंत्री कृष्ण लाल पंवार आमने-सामने नजर आए। इसके अलावा सड़क निर्माण, शिक्षकों की कमी, औद्योगिक विकास और बीमा क्लेम जैसे मुद्दे भी सदन में उठे।



गीता भुक्कल ने कहा कि उन्होंने गांवों के तालाबों की सफाई और सुधार को लेकर तीन बार सवाल लगाए, लेकिन हर बार एक ही तरह का जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि इतने में उनके क्षेत्र के कई तालाबों को ठीक किया जा सकता था। उन्होंने बताया कि उनके पास 68 तस्वीरें हैं, जिनसे तालाबों की खराब स्थिति का पता चलता है। भुक्कल ने कहा कि एक तालाब में तीन बच्चों की डूबने से मौत हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। इस पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जवाब देते हुए कहा कि कई जगहों पर पानी का स्तर अधिक होने के कारण काम रोकना पड़ा है। उन्होंने बताया कि छुछकवास, बहु और मोडा खेड़ा गांव में भूजल स्तर काफी ऊंचा है, जिससे काम प्रभावित हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सिंचाई और पंचायत विभाग मिलकर इसका समाधान निकालेंगे।

सदन की कार्यवाही के दौरान माहौल उस समय हल्का हो गया जब डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने पति-पत्नी के बीच झगड़े को लेकर एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि एक दंपती के बीच कभी झगड़ा नहीं होता था, क्योंकि छोटे फैसले पति और बड़े फैसले पत्नी लेती थी। इस पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मजाक करते हुए पूछा कि क्या यह उनकी अपनी कहानी है। इस पर सदन में मौजूद सभी सदस्य हंस पड़े।

सत्र के दौरान नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने क्षेत्र में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नूंह में करीब 50 प्रतिशत पद खाली हैं, जिससे शिक्षा की स्थिति बेहद खराब है और दसवीं-बारहवीं के परिणाम भी प्रभावित हो रहे हैं। इस पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि ड्रॉपआउट दर में कमी आई है, लेकिन स्थिति अभी भी चिंताजनक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

इसके अलावा नूंह-पलवल रोड के निर्माण को लेकर भी सवाल उठाया गया। मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए 133 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं और जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। वहीं अंबाला में औद्योगिक मॉडल टाउनशिप की स्थापना और किसानों के बीमा क्लेम को लेकर भी सदन में चर्चा हुई।

# पानीपत में ईंटे मारकर 22 वर्षीय युवक की हत्या

समर न्यूज़ | पानीपत

रंगों का पर्व होली इस बार पानीपत में एक परिवार के लिए गहरे दुख में बदल गया। मामूली विवाद और पहचान की गलतफहमी ने 22 वर्षीय युवक की जान ले ली। घटना थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत कच्ची फाटक रोड की है, जहां दो बाइकों की टक्कर के बाद शुरू हुआ झगड़ा हिंसक रूप ले बैठा और हमलावरों ने एक युवक को दूसरे गुट का सदस्य समझकर ईंटों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार होली के दिन कच्ची फाटक रोड पर कुछ युवक रंग खेल रहे थे। इसी दौरान दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर थोड़ी देर के लिए हाथापाई भी हुई, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया और दोनों पक्ष वहां से चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ समय बाद एक गुट के कई युवक दोबारा मौके पर लौट आए। इसी दौरान वहां मौजूद शक्ति नगर निवासी 22 वर्षीय रोहित को उन्होंने दूसरे गुट का सदस्य समझ लिया। आरोप है कि युवकों ने रोहित को घेरकर उस पर ईंटों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रोहित सड़क पर ही गिर पड़ा और हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोहित की पहचान उसके पास मिले मोबाइल और दस्तावेजों के आधार पर हुई, जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस, सीआईए और साइबर टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है, जिसमें वारदात कैद होने की बात सामने आई है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा का संदिग्ध गाड़ी ने किया पीछा

समर न्यूज़ | नारनौल

नारनौल में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा के साथ एक संदिग्ध पीछा करने की घटना सामने आई है। आरोप है कि काले रंग की एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने उनका पीछा करते हुए उनके घर तक पहुंचने की कोशिश की। सूचना देने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में पांच दिन बाद केस दर्ज किया। राकेश शर्मा ने बताया कि वह परिवार सहित एक जागरण कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। देर रात महाबीर चौक से अपनी बहन और बहनोई को छोड़ने के बाद जब वह महेंद्रगढ़ रोड से अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो ने लगातार डीपर देकर दबाव बनाना शुरू कर दिया। शर्मा के अनुसार, उन्होंने अपनी गाड़ी साइड में कर ली, लेकिन संदिग्ध वाहन चालक आगे आकर रास्ता रोकने लगा। किसी तरह मौका पाकर उन्होंने अपनी कार आगे निकाली और नसीबपुर स्थित अपने निवास की गली में पहुंच गए।

# पानीपत में ट्रैक्टर ने 5 साल के बच्चे को कुचला, मौत

समर न्यूज़ | पानीपत

शहर के सेक्टर-25 पार्ट-1 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां सड़क किनारे खेल रहे 5 वर्षीय मासूम की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सीतापुर निवासी राजू फिलहाल पानीपत के सेक्टर-25 में प्लॉट नंबर 45 पर रहते हैं और वहीं एक फैक्ट्री में फील्ड व सफाई का काम करते हैं। राजू के अनुसार वह फैक्ट्री के गेट पर खड़े थे, जबकि उनका पांच साल का बेटा अजीत सिंह गेट के सामने सड़क किनारे खेल रहा था।

इसी दौरान गंदा नाला की ओर से तेज रफ्तार में एक नीला सोनालिका ट्रैक्टर वहां पहुंचा। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सीधे बच्चे को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अजीत सड़क पर गिर पड़ा और इससे पहले कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्रॉली बच्चे के ऊपर से गुजर गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। उसकी पहचान आसन कलां निवासी मनोज के रूप में हुई है। परिजन गंभीर रूप से घायल अजीत को तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया। राजू के दो बेटे और एक बेटी हैं, जिनमें अजीत की इस हादसे में मौत हो गई।

# सोनीपत में बुज़ुर्ग महिला को जिंदा जलाने की कोशिश

## पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया

समर न्यूज़ | सोनीपत

जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। गोहाना के गांव कथुरा में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। देर रात घर के बरामदे में सो रही महिला पर कुछ युवकों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जानकारी के अनुसार, हमलावर कांच की बोतल में पेट्रोल लेकर आए थे। उन्होंने सो रही महिला की रजाई और खाट के नीचे पेट्रोल डालकर आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। आग लगते ही घर में चीख-पुकार मच गई। परिवार के सदस्य और पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई। आग की लपटों में झुलसी महिला को पहले गोहाना के अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। पीड़ित महिला के बेटे सोनू ने



बताया कि मंगलवार को फाग के दिन उनका परिवार घर में होली मना रहा था। देर रात सभी अपने-अपने स्थान पर सो गए थे। आमतौर पर सोनू बरामदे में सोता है, लेकिन उस रात उसकी मां राजो देवी बरामदे में खाट पर रजाई ओढ़कर सो रही थी। रात करीब 11:45 बजे पड़ोस के 8-10 युवक कांच की बोतल में पेट्रोल लेकर आए और सो रही महिला पर पेट्रोल छिड़क दिया। आरोप है कि आरोपियों ने खाट के नीचे भी पेट्रोल डाला और तुरंत आग लगा दी। सोनू के अनुसार, गांव की चौपाल में बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाइब्रेरी बनाई गई है। करीब चार साल पहले होली के दिन कुछ युवक शराब पीकर चौपाल पर डांस कर रहे थे। उस समय बच्चों की पढ़ाई को देखते हुए उन्हें वहां से जाने के लिए कहा गया था और लाइब्रेरी पर ताला लगाने की बात कही गई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज हो गई थी। आरोप है कि तभी से दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही है और हर साल होली के मौके पर विवाद होता है। सोनू ने आरोप लगाया कि परिवार के प्रदीप के कहने पर विजय समेत 8-10 युवकों ने मिलकर उसकी मां को जिंदा जलाने की कोशिश की। उनका कहना है कि आरोपी पहले भी कई बार झगड़ा कर चुके हैं और होली का त्योहार नहीं मनाने देने की धमकी देते रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही बरोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घायल महिला और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एनएच-27 पर स्कॉर्पियो-ट्रक की भीषण टक्कर, चार की मौत

समर न्यूज़ | मधुबनी

बिहार के मधुबनी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। फुलपरास थाना क्षेत्र के खोपा चौक के पास स्कॉर्पियो और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब हरियाणा नंबर की स्कॉर्पियो दरभंगा की ओर से आ रही थी। खोपा चौक के पास वाहन अचानक डिवाइडर पार कर विपरीत दिशा में पहुंच गया, तभी सामने से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो सवार चारों लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन की पहचान हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के कनिकला निवासी संजीव कुमार, रौडीखेड़ी निवासी विकास और कपिल के रूप में हुई है, जबकि चौथे व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि संजीव अपने एक दोस्त से स्कॉर्पियो लेकर घूमने निकला था। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने झंझारपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सभी लोग कहां जा रहे थे। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि वे नॉर्थ-ईस्ट की ओर यात्रा पर निकले थे। मृतक संजीव के साले विक्रम कुमार (निवासी झांसा, कुरुक्षेत्र) ने फोन पर बताया कि पिछले तीन दिनों से संजीव से संपर्क नहीं हो पाया था और उन्हें इस यात्रा की जानकारी भी नहीं थी।पुलिस ने वाहन के नंबर के आधार पर उसके मालिक से संपर्क किया है।

# सोनीपत में हुआ भीषण सड़क हादसा

## बाइक पर सैर पर निकले थे, एमडी कर रहे दो युवा डॉक्टरों की मौत

समर न्यूज़ | सोनीपत

हरियाणा के सोनीपत जिले में देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एमडी की पढ़ाई कर रहे दो युवा डॉक्टरों की जान चली गई। दोनों डॉक्टर भगत फूल सिंह सरकारी मेडिकल कॉलेज के स्नातकोत्तर छात्र थे। हादसे के बाद कॉलेज और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों की पहचान डॉ. अरविंद और डॉ. नीलोत्पल के रूप में हुई है। डॉ. अरविंद पैथोलॉजी विषय में जबकि डॉ. नीलोत्पल बायोकेमिस्ट्री में एमडी की पढ़ाई कर रहे थे।




जानकारी के अनुसार देर रात दोनों डॉक्टर कॉलेज से बाइक पर सैर के लिए निकले थे। इसी दौरान खानपुर-कासंडी रोड पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों डॉक्टरों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद डॉ. अरविंद का अंतिम संस्कार कर दिया गया है, जबकि दूसरे डॉक्टर के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और उनका अंतिम संस्कार भी यहीं किया जाएगा।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों डॉक्टर अलग-अलग राज्यों के निवासी थे। इनमें से एक तमिलनाडु और दूसरा त्रिपुरा का रहने वाला बताया जा रहा है। हादसे की खबर मिलने के बाद परिजन गहरे सदमे में हैं और किसी से बातचीत करने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दुर्घटना के समय दोनों डॉक्टरों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अभी तक इस संबंध में किसी की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# वकील की गला रेतकर हत्या वकीलों ने किया वर्क सस्पेंड

समर न्यूज़ | झज्जर

शहर के छारा चुंगी क्षेत्र में एक अधिवक्ता की हत्या से सनसनी फैल गई। अज्ञात हमलावर ने घर में सो रहे वकील पर तेजधार हथियार से हमला कर उनका गला रेत दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए गए अधिवक्ता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान सिलानी गांव के विजयलक्ष्मी कॉलोनी निवासी देवराज चाहर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार देवराज चाहर अपने घर पर सो रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का पता चलने पर परिजन उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही



पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के विरोध में बार एसोसिएशन ने कामकाज स्थगित (वर्क सस्पेंड) रखा और रोष जताया। बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक गोयल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले का खुलासा करने की मांग की है।

# थार की टक्कर से पेट्रोल पंप कर्मचारी की मौत

## सुशांत लोक थाना क्षेत्र में रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार थार

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

शहर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक और मामला सामने आया है। सुशांत लोक थाना क्षेत्र में रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद थार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पलवल जिले के रोहता पट्टी निवासी मुकेश के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत थे।

जानकारी के अनुसार मुकेश किसी काम से अपनी बाइक पर सेक्टर-44 से व्यापार केंद्र रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान व्यापार केंद्र के पास सामने से रॉन्ग साइड में तेज रफ्तार से आ रही सफेद रंग की थार



ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक थार पर आगे-पीछे कोई नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी। टक्कर लगते ही चालक वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल मुकेश को तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मामले में मृतक के भाई अशोक की शिकायत पर सुशांत लोक थाने में अज्ञात थार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ओबीसी उपेक्षा से नाराज तेलूराम जांगड़ा ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल के बीच हरियाणा ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तेलूराम जांगड़ा ने पार्टी से



इस्तीफा दे दिया है। ओबीसी वर्ग को राज्यसभा टिकट न दिए जाने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को अपना त्यागपत्र भेज दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि वह भविष्य में किसी अन्य राजनीतिक दल से नहीं जुड़ेंगे और समाज सेवा के क्षेत्र में ही सक्रिय रहेंगे। तेलूराम जांगड़ा पिछले करीब 30 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2011 में कांग्रेस सरकार के दौरान उन्हें हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया था, जहां उनका कार्यकाल लगभग छह वर्ष रहा। लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले जांगड़ा का कहना है कि ओबीसी वर्ग की लगातार अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने उम्मीद जताई थी कि हरियाणा से राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव में कांग्रेस ओबीसी समाज से प्रत्याशी उतारेगी, लेकिन पार्टी ने एससी वर्ग से जुड़े कर्मवीर सिंह बौद्ध को उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसी फैसले से आहत होकर उन्होंने पद और पार्टी दोनों से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। जांगड़ा ने कहा कि वह ओबीसी समाज की अनदेखी को और बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने आत्मसम्मान के आधार पर यह कदम उठाया। उन्होंने दोहराया कि अब वह किसी भी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं होंगे और आगे का जीवन समाज सेवा को समर्पित करेंगे। उनके इस्तीफे से प्रदेश कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है, खासकर उस समय जब राज्यसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक समीकरण साधे जा रहे हैं।

परंपरा | गांवों में महिलाओं ने कोरड़े बरसाकर निभाई परंपरा

# होली पर परंपरा और आधुनिक रंगों का दिखा संगम

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में इस बार होली का त्योहार शहरों से लेकर गांवों तक पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ आधुनिक अंदाज में भी होली का जश्न देखने को मिला। गांवों में जहां महिलाओं ने कोरड़े बरसाने की परंपरा को जीवित रखा, वहीं शहरों में युवाओं ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य कर त्योहार का आनंद लिया।

नूंह जिले में महिलाओं ने राम मंदिर परिसर में ढोल की थाप पर लठमार होली खेली। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में कोरड़े बरसाए और गीत गाते हुए होली का उत्सव मनाया। वहीं सोनीपत की एक सोसाइटी में युवतियों ने रंग-गुलाल के साथ नृत्य कर होली का जश्न मनाया, जिससे माहौल रंगीन



हो गया। पानीपत में भी सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार डाट की होली मनाई गई। इस खास परंपरा में महिलाएं घरों की छतों पर खड़ी होकर नीचे खड़े युवाओं पर रंग फेंकती हैं। इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। गुरुग्राम के सेक्टर 29 में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पंजाबी गायक मनकीरत औलख और हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी ने अपने गीतों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। हालांकि कार्यक्रम के दौरान कुछ युवाओं के बीच झगड़ा हो गया और उन्होंने एक-दूसरे के कपड़े फाड़ दिए। कुछ देर तक वहां मारपीट भी हुई, लेकिन इसके बावजूद कार्यक्रम चलता रहा।

होली के इस रंगीन माहौल में प्रदेश के नेताओं पर भी त्योहार का रंग चढ़ा दिखाई दिया। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। इसके अलावा हरियाणा लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री अपनी पत्नी सुमन सैनी के साथ शामिल हुए।

सोनीपत में एक महिला ने विधायक निखिल मदान पर पारंपरिक अंदाज में कोरड़े बरसाए। वहीं कैथल के पूंडरी थाने में महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के साथ अनोखे अंदाज में होली खेली और उन्हें कोरड़ों से मारने की परंपरा निभाई। इस दौरान पुलिसकर्मी भी महिलाओं के कोरड़ों से बचते नजर आए। पूरे प्रदेश में होली का त्योहार हंसी-खुशी और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ।

# गन्ने के खेत से युवक का शव बरामद, चाकू से किए गए कई वार



समर न्यूज़ | अंबाला

जिले के दिनारपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बस अड्डे के पास गन्ने के खेत में एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार युवक की छाती और पेट पर चाकू नुमा हथियार से कई वार किए गए थे। हमले की गंभीरता इतनी अधिक थी कि उसके पेट की आंतें तक बाहर निकल आई थीं। घटना को बेहद बेरहमी से अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी अर्जुन के रूप में हुई है। उसकी दाहिनी बाजू पर अंग्रेजी में 'अर्जुन' लिखा हुआ था, जिसके आधार पर पुलिस ने पहचान की पुष्टि की। प्राथमिक जानकारी के अनुसार वह पश्चिम बंगाल के किशनगढ़ इलाके के अर्था गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि और स्थानीय कंफेक्शनरी दुकानदार राकेश कुमार ने बताया कि गुरजिंदर सिंह ने उन्हें सूचना दी कि बस अड्डे के पास गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा है।

# हिमाचल से राज्यसभा के लिए कांग्रेस ने अनुराग शर्मा को बनाया उम्मीदवार, नामांकन के बाद जीत लगभग तय

## युवा नेता पर कांग्रेस हाईकमान का भरोसा; भाजपा ने प्रत्याशी नहीं उतारा, 16 मार्च को औपचारिक घोषणा संभव

समर न्यूज़ | शिमला



हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। इससे पहले विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी बुलाई, जिसमें पार्टी हाईकमान के फैसले से सभी विधायकों को अवगत कराया गया। कांग्रेस ने गुरुवार सुबह ही अनुराग शर्मा को हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी हाईकमान ने पांच राज्यों के लिए छह उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें अनुराग शर्मा का नाम भी शामिल है। वर्तमान में वह कांगड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। पार्टी ने कांगड़ा के इस युवा नेता को टिकट देकर राजनीतिक हलकों में सभी को चौंका दिया, क्योंकि उनका नाम पहले चर्चा में नहीं था।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपना कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। ऐसे में अनुराग शर्मा का राज्यसभा के लिए निर्वाचित होना लगभग तय माना जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया के बाद अब औपचारिक घोषणा 16 मार्च को की जाएगी। नामांकन के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अनुराग शर्मा पिछले 30 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं और यह फैसला सभी नेताओं से चर्चा के बाद लिया गया है। उन्होंने एक जमीनी कार्यकर्ता को राज्यसभा भेजने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता राहुल गांधी का आभार जताया।

सुक्खू ने यह भी कहा कि पिछले राज्यसभा चुनाव में कुछ कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी, लेकिन इस बार अगर भाजपा उम्मीदवार भी उतारती तो कांग्रेस को कोई डर नहीं था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी देती तो भी उसे हार का सामना करना पड़ता। अनुराग शर्मा को मुख्यमंत्री सुक्खू का करीबी माना जाता है। उनके पिता प्यारे लाल भी पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के करीबी रहे थे। अनुराग शर्मा वर्तमान में इंटरनेशनल बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिताओं के आयोजन से जुड़े रहे हैं।

कांग्रेस ने अनुराग शर्मा को टिकट देकर कांगड़ा जिले पर भी राजनीतिक फोकस किया है। हिमाचल की राजनीति में कांगड़ा को सत्ता की चाबी माना जाता है, क्योंकि यहां 15 विधानसभा सीटें हैं। भाजपा की मौजूदा राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी भी कांगड़ा जिले के बैजनाथ क्षेत्र से संबंध रखती हैं। उनका कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रहा है। विधानसभा की मौजूदा स्थिति में कांग्रेस के पास 68 सदस्यीय सदन में 40 विधायक हैं, जो बहुमत से अधिक हैं। वहीं भाजपा के पास 28 विधायक हैं। इसी कारण भाजपा ने इस बार चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारा।

### प्रदेशवासियों को दिया एकता और सौहार्द का संदेश

# मुख्यमंत्री ने ओक ओवर में मनाई होली

समर न्यूज़ | शिमला



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने अपने सरकारी आवास ओक ओवर में होली के अवसर पर आयोजित मिलन समारोह में प्रदेशभर से आए लोगों के साथ रंगों का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी रही और पूरे परिसर में उत्सव व भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और पारस्परिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार सभी भेदभाव मिटाकर आपसी प्रेम और एकजुटता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए।कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक संगीत पर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने भी आगंतुकों से आत्मीय संवाद किया और उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक, महापौर, महाधिवक्ता, पूर्व जनप्रतिनिधि, नगर निगम पार्षद तथा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर उत्साहपूर्वक होली मनाई और प्रदेश की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया।

# हमीरपुर में चिट्टा तस्करी के दो मामले उजागर, दो काबू

अरविन्द | हमीरपुर
समर न्यूज़

हमीरपुर जिला में नशा तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में चिट्टा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

पहला मामला भोरंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल ललित कुमार के नेतृत्व में रात्रि गश्त और नाकाबंदी के दौरान बडैहर पुल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को जांच के लिए रोका।

तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान लोकेश कुमार वैरवा, निवासी जिला दौसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

दूसरा मामला थाना सदर हमीरपुर क्षेत्र का है। पुलिस टीम ने प्रभारी कुलवंत सिंह के नेतृत्व में गश्त और चेकिंग के दौरान स्वाहल क्षेत्र में एक टैक्सी को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान टैक्सी में सवार 24 वर्षीय शशी कांत, निवासी हमीरपुर के कब्जे से 15.52 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने आरोपी को 7 मार्च तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

# मंडी में दो वाहनों की जोरदार भिड़ंत

## हाईवे पर ही खुल गए ट्रैवलर के टायर, हादसे के बाद लगा जाम

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



मंडी जिला के 6 मील के पास चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर गुरुवार शाम एक कार और टेंपो ट्रैवलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो ट्रैवलर का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके टायर भी निकलकर अलग हो गए। हादसे के समय ट्रैवलर में कोलकाता के 16 पर्यटक सवार थे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा शाम करीब 4 बजे पेश आया। टेंपो ट्रैवलर मंडी से कुल्लू की ओर जा रहा था, जबकि दिल्ली नंबर की कार मनाली से मंडी की ओर आ रही थी। इसी दौरान 6 मील के पास दोनों वाहनों के बीच टक्कर हो गई।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सदर थाना की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। इस दौरान फोरलेन पर कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें भी लग गईं। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल करवाया।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। दोनों वाहन हालांकि बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मंडी के एसपी विनोद कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

# चैत्र नवरात्र मेले को लेकर प्रशासन सतर्क

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़

चैत्र नवरात्रों के दौरान लगने वाले मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 19 मार्च से शुरू होने वाले पावन नवरात्रों के मद्देनजर प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी मंदिर में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में एसडीएम अंब एवं मंदिर आयुक्त पारस अग्रवाल ने मंदिर प्रशासन के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बैठक के दौरान मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। एसडीएम पारस अग्रवाल ने बताया कि मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 7 मार्च को सभी संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी।

# सुंदरनगर में चैत्र नवरात्रि में सजेगा देव आस्था का महाकुंभ



धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

आगामी 23 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय सुकेत देवता व नलवाड़ मेला के लिए सुकेत सर्व देवता समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुंदरनगर में हर वर्ष इस मेले का आयोजन चैत्र नवरात्रि के पांचवे नवरात्रि से लेकर नवमीं तक किया जाता है। सर्व देवता समिति की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें सब कमेटियों का भी गठन किया गया। यह बैठक सुकेत देवता मेला समिति के प्रधान डॉ अभिषेक सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर जहां सुकेत देवता मेला समिति के द्वारा मेले की शोभायात्रा को और अधिक आकर्षित और भव्य बनाने पर भी विचार विमर्श किया गया, वहीं देवी देवताओं की व्यवस्था में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का भी सामूहिक निर्णय लिया गया। सुकेत सर्व देवता कमेटी सुंदरनगर के प्रधान डॉ. अभिषेक सोनी ने कहा कि इस वर्ष राज्यस्तरीय नलावड़ मेला और राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला एक साथ ही आयोजित किए जा रहे हैं।

# शिमला में प्राइवेट बस हादसे का शिकार

## टायर पंक्चर के बाद पहाड़ी से टकराई



समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में गुरुवार को एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शिमला से चिड़गांव जा रही न्यू प्रेम कंपनी की बस छराबड़ा और कुफरी के बीच अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गई। हादसे के समय बस में करीब 20 यात्री सवार थे। अचानक हुए इस हादसे के बाद बस के अंदर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार सुनाई देने लगी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे से करीब एक किलोमीटर पहले बस का पिछला टायर पंक्चर हो गया था। इसके बावजूद चालक बस को चलाता रहा। कुछ दूरी तय करने के बाद बस का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर सीधे पहाड़ी से जा टकराई।

दुर्घटना में बस में सवार कई यात्रियों को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

बताया जा रहा है कि कुछ यात्रियों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) अस्पताल रेफर किया गया है।

# नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कार्यकर्ताओं संग खेली होली

## प्रदेशवासियों को दिया एकता का संदेश



संजू | शिमला
समर न्यूज़

राजधानी शिमला में रंगों का पर्व होली उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के सरकारी आवास पर भी होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सुबह से ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर पारंपरिक हिमाचली लोकनृत्य 'नाटी' की धुन पर सभी ने जमकर आनंद लिया। जयराम ठाकुर भी कार्यकर्ताओं के साथ नाटी में शामिल हुए और उत्सव का हिस्सा बने। कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी उनके आवास पहुंचे और होली की शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि रंगों का यह त्योहार सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने समाज से एकजुट होकर हिमाचल की देव संस्कृति को सशक्त बनाने और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### आपदा में जश्न, राहत में लापरवाही जयराम ठाकुर ने सरकार को घेरा

# जयराम ने सरकार से मांगा राहत खर्च का हिसाब

समर न्यूज़ | शिमला



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा छह महीने बाद आपदा एक्ट (डिजास्टर एक्ट) हटाए जाने के निर्णय पर कड़े सवाल खड़े करते हुए सुक्खू सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उनका कहना है कि आपदा में जश्न मनाना ही सरकार की उपलब्धि रही है जिस पर दस करोड़ रुपए खर्चे गए जबकि राहत कार्यों को अनदेखा किया गया। यही नहीं जहां सबसे ज्यादा नुकसान हुआ वहां के लोगों के ज़ख्मों पर नमक छिड़कने का काम इस असंवेदनशील सरकार ने किया। शिमला से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जयराम ठाकुर ने सरकार से सीधा प्रश्न किया है कि क्या राज्य में आपदा के बाद पुनर्वास और बहाली के कार्य पूरी तरह से संपन्न हो गए हैं, जो सरकार ने अब इस एक्ट को हटाने का फैसला लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि आपदा राहत के नाम पर अब तक कितनी राशि वास्तव में प्रभावितों पर खर्च की गई है और धरातल पर उसका क्या असर दिखा है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य की वर्तमान स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में हालात जस के तस बने हुए हैं। सड़कों पर मलबा बिखरा पड़ा है और सैकड़ों बस रूट पिछले आठ महीनों से बंद पड़े हैं जिससे आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर तंज कसते हुए कहा कि जो पुल आपदा में टूट गए थे, उन्हें आज भी केवल अस्थाई व्यवस्था के माध्यम से छोटे और हल्के वाहनों के योग्य ही बनाया जा सका है, जबकि भारी वाहनों और परिवहन के लिए स्थाई निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसके दुष्परिणाम इस वर्ष फिर बरसात में देखने को मिलेंगे क्योंकि इस सरकार ने आपदा में सिर्फ बड़ी बड़ी मशीनों के बिल पास करने और मित्रों के घर भरने का काम किया है जबकि धरातल पर हालत जस के तस हैं। पेयजल योजनाओं की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन्हें अभी तक पूरी तरह से रिस्टोर नहीं किया जा सका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का संकट बना हुआ है।

**गुर** | एफटीआईआई द्वारा हिमाचल में पहली बार किया जा रहा है कार्यशाला का आयोजन

# छात्रों को सिखा रहे शॉर्ट फिल्म, डाक्यूमेंट्री और कंटेंट क्रिएशन

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



इन दिनों हिमाचल प्रदेश की वादियों में शॉर्ट फिल्म, डाक्यूमेंट्री और कंटेंट क्रिएशन के गुर सिखाए जा रहे हैं। यह पहला मौका है जबकि एफटीआईआई यानी फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए मंडी की होली पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट।

हिमाचल की शांत वादियां हमेशा से ही फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद रही हैं। लेकिन अब इन्हीं शांत वादियों में फिल्म निर्माण की कला को सीखाने की सराहनीय पहल भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के पुणे स्थित फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा पहली बार हिमाचल में शॉर्ट फिल्म, डाक्यूमेंट्री और कंटेंट क्रिएशन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए मंडी जिला के सतोहल गांव स्थित हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान एवं रंगमंडल का चयन किया गया है। 25 फरवरी से 22 मार्च तक चल रही इस कार्यशाला में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए 30 प्रशिक्षु दो बैचों में भाग ले रहे हैं। जानी-मानी लेखिका और निर्देशिका माया राव सहित अन्य अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा इन प्रशिक्षुओं को शूटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और एडिटिंग सहित फिल्म निर्माण से जुड़ी छोटी-छोटी बारीकियों को बखूबी सिखाया और समझाया जा रहा है।

हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान एवं रंगमंडल की सचिव सीमा शर्मा ने बताया कि उनका यह संस्थान हिमाचल का इकलौता संस्थान है जो बिना किसी सरकारी मदद के बीते 30 वर्षों से लोगों को रंगमंडल की विधाएं सिखाने का कार्य कर रहा है। वर्तमान की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए और युवाओं की सोच के अनुरूप एफटीआईआई के माध्यम से अब यहां मीडिया से संबंधित प्रशिक्षण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सीमा शर्मा ने ऐसे प्रशिक्षण की चाह रखने वालों से एफटीआईआई की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करवाकर इन कार्यशालाओं का लाभ उठाने का आग्रह भी किया है।

कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने आए प्रशिक्षु उन्हें दी जा रही जानकारियों से खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। मुंबई से आए दीपक पहलाजानी और धर्मशाला से आए शुभम शर्मा ने बताया कि हिमाचल की वादियों में इस तरह का प्रशिक्षण प्राप्त करने का अपना एक अलग ही मजा है। शहर की भीड़ भाड़ से दूर शांत और एकांत माहौल में फिल्म निर्माण के बारे में ऐसी-ऐसी बातें सीखने को मिल रही हैं जिनके बारे में पहले पता नहीं था। बता दें कि दो बैच के 30 प्रशिक्षु अपना पंजीकरण करवाकर इस प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जबकि अगला बैच अप्रैल से शुरू होगा जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। क्योंकि एफटीआईआई में सभी के लिए प्रवेश पाकर प्रशिक्षण प्राप्त करना संभव नहीं होता, इसलिए उन्हें इस प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से निपुण बनाने की दिशा में यह एक अनुकरणीय पहल है।

# चिंतपूर्णी धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हजारों भक्तों ने किए दर्शन

विकास शर्मा | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़

होली के शुभ अवसर पर प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रंगों के त्योहार को भक्तों ने माता रानी के दरबार में मत्था टेककर और पूजा-अर्चना कर उत्साहपूर्वक मनाया। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो देर शाम तक जारी रहीं। त्योहार और अवकाश के चलते मंदिर में मेले जैसा माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन और पुलिस ने विशेष प्रबंध किए। डबल लाइन व्यवस्था के तहत दर्शन करवाए गए, और कतारें पुराने बस स्टैंड क्षेत्र तक पहुंच गईं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, लगभग 14,000 से 16,000 श्रद्धालुओं ने दिनभर में दर्शन किए। सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

# धर्मशाला में दिन के समय हाई एल्टीट्यूड ट्रैकिंग शुरू



राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़

जिला प्रशासन ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग को लेकर बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन ने दिन के समय हाई एल्टीट्यूड ट्रैकिंग गतिविधियों को दोबारा शुरू करने की अनुमति दे दी है, जबकि सुरक्षा कारणों से रात के समय ट्रैकिंग पर फिलहाल प्रतिबंध जारी रहेगा। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेकटा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष 22 दिसंबर को जारी अधिसूचना के तहत खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण हाई एल्टीट्यूड क्षेत्रों में ट्रैकिंग पर रोक लगाई गई थी। उस दौरान कई ट्रैकर्स के लापता होने और दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आई थीं, जिसके चलते प्रशासन को बार-बार रेस्क्यू अभियान चलाने पड़े थे।उन्होंने कहा कि अब मौसम में सुधार हो चुका है और ज्यादातर स्थानों पर बर्फ भी पिघल गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने पर्यटकों और ट्रैकिंग के शौकीनों को दिन के समय ट्रैकिंग की अनुमति देने का निर्णय लिया है।


# मोहाली में ट्रैक्टर की टक्कर से बच्चे की मौत, गुस्साए लोगों ने फेज-1 सड़क जाम की

### टक्कर के बाद नहीं रोका ट्रैक्टर, पिछले टायर से कुचलने का आरोप; चालक गिरफ्तार

समर न्यूज़ | मोहाली

गुरुवार को दर्दनाक हादसे में 10 साल के एक बच्चे की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। घटना बड़ माजरा कॉलोनी की है, जहां सीवर साफ करने वाले ट्रैक्टर के ड्राइवर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।

गुस्साए लोगों और परिजनों ने विरोध जताते हुए फेज-1 की सड़क पर जाम लगा दिया। मृतक बच्चे की पहचान शौर्य निषाद (10) के रूप में हुई है। शौर्य अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों के अनुसार वे करीब आठ साल पहले रोजी-रोटी की तलाश में उत्तर प्रदेश से मोहाली आए थे और बड़ माजरा



कॉलोनी में रह रहे थे। शौर्य छठी कक्षा का छात्र था और परिवार की उम्मीदों का सहारा था।

जानकारी के मुताबिक हादसे के समय शौर्य अपने पिता के साथ बाइक पर बड़ माजरा कॉलोनी से फेज-छह की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे सीवर सफाई ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही शौर्य बाइक से गिरकर ट्रैक्टर के आगे जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शी संदीप ने बताया कि टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक ने वाहन रोकने के बजाय उसे आगे बढ़ा दिया। इससे ट्रैक्टर का पिछला टायर भी बच्चे के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि हादसे में बच्चे के पिता बाल-बाल बच गए।

हादसे के बाद जब स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ने की कोशिश की तो वह मौके से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और ट्रैक्टर को भी अपने कब्जे में ले लिया। घटना के बाद कॉलोनी के लोग और परिजन बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। उन्होंने बच्चे को तुरंत उठाकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

परिजनों का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई में भी लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि पुलिस ने उन्हें अस्पताल तो पहुंचाया, लेकिन उचित कार्रवाई करने में देरी की। इसी को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। परिवार के सदस्यों ने मांग की है कि ट्रैक्टर चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए। उनका आरोप है कि टक्कर के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय भागने की कोशिश की, जिससे बच्चे की जान चली गई। मृतक के मामा होरी लाल ने कहा कि यदि किसी बड़े परिवार का बच्चा होता तो तुरंत सख्त कार्रवाई की जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें समझौता करने के लिए दबाव बना रही है, जबकि परिवार पहले कानूनी कार्रवाई चाहता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## होली पर पुलिस ने 53 चालान काटे, संवेदनशील क्षेत्रों में की पैदल गश्त

समर न्यूज़ | पंचकूला

होली पर्व के मद्देनजर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पंचकूला पुलिस ने व्यापक और सुनियोजित सुरक्षा इंतजाम किए। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पूरे जिले में विशेष निगरानी, गश्त और नाकाबंदी अभियान चलाया गया। पुलिस प्रशासन ने पहले से ही रणनीति तैयार कर संवेदनशील स्थानों की पहचान की और वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की, ताकि नागरिक निर्भय होकर रंगों का पर्व मना सकें। इसी कड़ी में 2, 3 व 4 मार्च शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर एल्कोसेंसर की मदद से जांच करते हुए कुल 53 चालान किए, जबकि नियमों की गंभीर उल्लंघन करने पर 7 वाहनों को जब्त भी किया गया।

## हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

### पंचकूला में आरोपी के खिलाफ लूट के तीन मामले दर्ज

समर न्यूज़ | पंचकूला

पुलिस ने लूट के इरादे से की गई युवक की हत्या के मामले को महज कुछ घंटों में सुलझा लिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर अदालत से तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया जा चुका है, जबकि वारदात में शामिल उसका फरार नाबालिग साथी भी क्राइम ब्रांच की टीम ने काबू कर लिया है।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि एक युवक पर अज्ञात युवकों द्वारा हमला किया गया है। जांच में सामने आया कि 29 वर्षीय दीपक निवासी अमेठी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह चंडीगढ़ स्थित एक कॉल सेंटर में कार्यरत था। 2/3 मार्च देर रात करीब 2 बजे बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। सेक्टर-12 स्थित कृषि भवन की ओर जाने वाली सड़क पर उसने अपनी बाइक साइड में रोककर एक मित्र से फोन पर बातचीत शुरू



की। इसी दौरान दो अज्ञात युवकों ने उस पर तेजधार चाकुओं से हमला कर दिया और उसका मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल दीपक को तुरंत सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के भाई की शिकायत पर थाना सेक्टर-5 में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 के इंचार्ज दलीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रोशन निवासी गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को 4 मार्च को अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात में प्रयुक्त चाकू, खून से सने कपड़े तथा छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया जाना बाकी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वारदात को अंजाम देने से पहले दोनों आरोपियों ने नशे का सेवन किया था। जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी रोशन पर पूर्व में नाबालिग रहते हुए थाना सेक्टर-5 और सेक्टर-14 में लूट के तीन मामले दर्ज हैं।

# होली पर हुड़दंगियों पर खाकी का डर

### पुलिस ने 25 से अधिक वाहनों के काटे चालान

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

रंगों के त्यौहार होली पर शहर की फिजा में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए डेराबस्सी पुलिस की टीम पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। ट्रैफिक इंचार्ज सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में हवलदार बलविंदर सिंह और सिपाही बलविंदर सिंह सहित अन्य साथी कर्मचारियों ने दिन भर सड़कों पर मोर्चा संभाला। पुलिस की इस सक्रियता का ही परिणाम था कि हुड़दंग मचाने वाले तत्वों के हौसले पस्त रहे और शहर में कहीं भी कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं होने दी गई।लसुबह से ही ट्रैफिक इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, हवलदार बलविंदर सिंह और सिपाही बलविंदर सिंह की टीम शहर के मुख्य चौराहों और गलियों में



गश्त कर रही थी। इस दौरान सबसे ज्यादा उन लोगों पर शिकंजा कसा गया जो मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाजें निकाल रहे थे या फिर तेज आवाज में बाजा बजाकर सार्वजनिक शांति भंग कर रहे थे। जैसे ही पुलिस को किसी भी गली या मोहल्ले से हुड़दंग की सूचना मिली, टीम अपनी पीसीआर और मोटरसाइकिल पर तुरंत मौके पर पहुंची और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई।

इस विशेष मुहिम के दौरान करीब 25 से अधिक उन वाहनों के चालान काटे गए जो ट्रिपल राइडिंग, तेज रफ्तार या साइलेंसर बदलकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे।

## जनगणना की तैयारियां हुईं शुरू

समर न्यूज़ | मोहाली

आगामी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र गुरूवार से शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला चार्ज अधिकारियों तथा नियमित तकनीकी सहायकों को जनगणना प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त जनरल गीतिका सिंह ने दी।

जानकारी देते हुए एडीसी गीतिका सिंह को जिले के लिए जिला जनगणना अधिकारी भी नामित किया गया है, ने बताया कि इस बार भारत की 16वीं जनगणना स्वतंत्रता के बाद 8वीं डिजिटल माध्यम से करवाई जाएगी। घरों द्वारा अपनी जानकारी ऑनलाइन भरने के लिए 30 अप्रैल से 14 मई 2026 तक सेल्फ एन्यूमरेशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खुला रहेगा।

# होली पर पंजाब यूनिवर्सिटी गेट के बाहर युवकों के दो गुटों में मारपीट

### लात-घूंसे चले, युवक की शर्ट फाड़ी; झगड़ा छुड़वाने आई युवती भी पीछे हटी, पुलिस से भी हुई धक्का-मुक्की

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

होली के दिन चंडीगढ़ में हुड़दंग की तस्वीरें सामने आई हैं। सेक्टर-15 स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी के गेट के सामने युवकों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लात-घूंसे चले और एक युवक की शर्ट तक फाड़ दी गई।

घटना का करीब 22 मिनट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बड़ी संख्या में युवक होली मनाते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान कुछ लोग दो युवकों को घेरकर पीटते दिखाई देते हैं। इनमें से एक युवक शर्ट पहने हुए है, जबकि दूसरा सफेद रंग की कमीज में है। मारपीट के दौरान एक युवक की शर्ट फाड़ दी जाती है।



हालात बिगड़ते देख दोनों युवक किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाते नजर आते हैं।

वीडियो में काले रंग की शर्ट पहने एक युवती भी दिखाई देती है, जो झगड़ा छुड़वाने की कोशिश करती है। हालांकि जब मारपीट नहीं रुकती और मुक्के चलने लगते हैं, तो वह भी पीछे हट जाती है।

बताया जा रहा है कि यह झगड़ा सेक्टर-15 स्थित लाइट प्वाइंट, पंजाब यूनिवर्सिटी गेट के सामने हुआ। इस दौरान दोनों ओर से आ रही गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय तक यातायात भी बाधित रहा।

वीडियो में सड़क पर गाड़ियां रेंगती हुई दिखाई दे रही हैं। इसी क्षेत्र में होली के दौरान कुछ युवक पुलिसकर्मियों के साथ भी उलझते नजर आए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हुड़दंग मचा रहे युवकों को जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो कुछ युवकों ने पुलिस के साथ भी हाथापाई कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और वायरल वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सैकड़ों उद्यमी महिलाओं को किया सम्मानित

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डेराबस्सी में भव्य कार्यक्रम

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कम्युनिटी सेंटर डेराबस्सी में आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक रंधावा द्वारा सैकड़ों से अधिक उद्यमी, सामाजिक तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा के बल पर नई ऊंचाइयां हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, व्यापार, कृषि और खेल सहित हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी अलग पहचान



बनाई है और देश तथा समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की तब संभव है जब उस समाज की महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर हों। इसलिए महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। विधायक रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं और पहल की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष आशु उपनेजा, मालवा ईस्ट जोन अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर, जिला अध्यक्ष कश्मीर कौर, हल्का कोऑर्डिनेटर कुलदीप कौर सहित ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और अन्य नेता भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपने संबोधन में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की मजबूत नींव हैं और उनके बिना समाज की प्रगति अधूरी है।

# अकाली दल के पूर्व नगर कौंसिल प्रधान के साथ ठगी की कोशिश नाकाम

### पुलिस वाला बनकर ठग ने मांगी 1 लाख रुपये की फिरौती

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

साइबर ठगों ने अब रसूखदार परिवारों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गरूवार सुबह दस बजे शिरोमणि अकाली दल की पूर्व म्युनिसिपल काउंसलर और नगर कौंसिल की पूर्व प्रधान बलजिंदर कौर को एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिस पर पुलिस इंस्पेक्टर की फोटो लगी थी। फोन करने वाले ने खुद को इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह बताते हुए दावा किया कि उनका बेटा शरणजीत सिंह छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस की गिरफ्त में है। हैरानी की बात यह रही कि फोन करने वाले व्यक्ति के पास परिवार की पूरी डिटेल पहले से मौजूद थी, जिससे वह परिवार को और भी ज्यादा डराने



में कामयाब रहा। ठग ने बलजिंदर कौर को खौफजदा करने के लिए फोन के पीछे से मारपीट की फर्जी आवाजें भी सुनाईं और बेटे की इज्जत का वास्ता देकर यह बात किसी को न बताने की धमकी दी। ठग ने उन्हें फोन होल्ड पर रखने और तुरंत एक लाख रुपये का इंतजाम करने का दबाव बनाया।

बलजिंदर कौर ने घबराहट के बावजूद सूझबूझ दिखाई और दूसरे फोन से अपने बड़े बेटे को सूचना दी। इसके बाद उनके पति सुखविंदर सिंह ने तुरंत शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक एनके शर्मा से संपर्क किया। एन के शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी विक्रमजीत सिंह बराड़ और थाना मुखी सुमित मोड़ को सूचित किया। पुलिस की त्वरित जांच में खुलासा हुआ कि थाने में शरणजीत सिंह नाम के किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है और यह पूरी तरह से एक साइबर ठगी का मामला था। जब परिवार ने बेटे शरणजीत सिंह को वीडियो कॉल किया तो वह अपनी कंपनी में पूरी तरह सुरक्षित काम करता मिला। पुलिस ने इस घटना के बाद आम जनता को आगाह किया है कि वे ऐसे फर्जी कॉल से न डरें और किसी को भी पैसे भेजने से पहले मामले की पूरी पुष्टि कर लें।

**दौरा** | सनेटा सेंटर में ट्रेनिंग लेंगे मेडिकल स्टूडेंट्सः कुलवंत सिंह

# सनेटा रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर का विधायक ने किया दौरा

समर न्यूज़ | मोहाली

विधायक कुलवंत सिंह ने रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर सनेटा का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर में डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में पढ़ रहे विद्यार्थी डॉक्टर यहां प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि यहां हमेशा प्रोफेसर और डॉक्टर मौजूद रहेंगे तथा लोगों को चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। ओपीडी शुरू हो चुकी है, एक्स-रे मशीन भी आ चुकी है और डेंटल क्लिनिक भी शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थी गांवों में जाकर परिवारों से मिलेंगे और विभिन्न बीमारियों तथा उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे तथा मौके पर ही उन्हें चिकित्सा सुविधा भी प्रदान की जाएगी। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार की ओर से मोहाली हलके के लोगों को दी गई यह एक बड़ी सौगात है और लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम से अपना इलाज करवाने के लिए यहां पहुंचें। उन्होंने कहा कि सरकारी डॉक्टर सेवा भाव से मरीजों का इलाज करते हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जिम्मेदारी संभाली है तब से सरकार द्वारा किए गए वादों और दी गई गारंटियों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए 600 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की गई थी और आज 80 प्रतिशत से अधिक परिवार इसका लाभ उठा रहे हैं।

## रॉबर्ट वाड्रा और चंद्रमुखी शर्मा की मुलाकात से सियासी हलचल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा गुरुवार को चंडीगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता चंद्रमुखी शर्मा से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीर चंद्रमुखी शर्मा ने सोशल मीडिया पर साझा की, जिसके बाद शहर के राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गईं। तस्वीरों में चंद्रमुखी शर्मा, रॉबर्ट वाड्रा को गुलदस्ता भेंट करते नजर आ रहे हैं। चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए कहा कि रॉबर्ट वाड्रा की पंचकूला में रिश्तेदारी है और वह वहां आते-जाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वाड्रा संभवतः किसी निजी कार्य से चंडीगढ़ आए होंगे, इसलिए इसे राजनीतिक दौरा नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वाड्रा पहले भी चंडीगढ़ आते रहे हैं और कांग्रेस की पूरी टीम आने वाले पार्षद चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है।

www.summerexpress.in
समर एक्सप्रेस
इन सभी क्षेत्रों में समर एक्सप्रेस अखबार को स्टिंगर की जरुरत है।
• लालड़ू • मोरनी • कुराली
• खरड़ • बरवाला • मुल्लांपुर
• पिंजौर • बनूड़ • मटौर
• कालका • रायपुररानी
SEND YOUR RESUME TO
infosummerexpress@gmail.com
Whats App:- 79866-30191

# यूपी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में बसपा, मायावती ने शुरू किया उम्मीदवारों का ऐलान

## ब्राह्मण-मुस्लिम सोशल इंजीनियरिंग पर दांव, चार विधानसभा सीटों पर प्रभारियों की घोषणा, बसपा सामान्य जाति में सबसे ज्यादा ब्राह्मण को तवज्जो देगी

एजेंसी | उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का समय बाकी है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान शुरू कर दिया है। बसपा ने अभी तक करीब आधा दर्जन सीटों पर प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। बसपा जिन चेहरों को विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाती है, बाद में उन्हीं को कैंडिडेट बना दिया जाता है।

बसपा प्रमुख मायावती ने 2027 विधानसभा चुनाव के जिन सीटों पर प्रभारी नियुक्त किए हैं। बसपा ने आजमगढ़ की दीदारगंज विधानसभा सीट पर अबुल कैश आजमी, जालौन की माधोगढ़ विधानसभा सीट पर आशीष पांडे, जौनपुर की मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा सीट पर विनोद मिश्रा और सहारनपुर देहात विधानसभा सीट पर फिरोज आफताब को प्रभारी बनाया है। एक तरह से बसपा ने इन नेताओं की उम्मीदवारी को हरी झंडी दे दी है।

मायावती ने जिस तरह साल 2007 के चुनाव में जिस सोशल इंजीनियरिंग के दम पर यूपी की सत्ता में वापसी की थी, अब उसी फॉर्मूले को 2027 में दोहराने की कोशिश है। यही वजह है कि मायावती ने फिलहाल जिन नेताओं को प्रभारी बनाया है, उसमें दो मुस्लिम और दो ब्राह्मण हैं। ऐसे में साफ है कि बसपा की नजर किस वोटबैंक पर है। बसपा ने विधानसभा चुनाव से एक साल पहले अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान शुरू कर दिया है। बसपा ने फिलहाल चार विधानसभा सीटों पर प्रभारी बनाए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि अगले दो तीन महीने में करीब 100 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले नेताओं की तलाश को पूरी कर लेगी। बसपा जिन चेहरों को प्रभारी बनाती है, उसे बाद में पार्टी प्रत्याशी बनाती है। आजमगढ़, जौनपुर, सहारनपुर और जालौन जिले की एक-एक सीट पर प्रभारियों की घोषणा इसी रणनीति का हिस्सा है।

मायावती ने मिशन-2027 के लिए प्लान बनाया है कि प्रत्येक विधानसभा सीट पर चार-चार दावेदारों का पैनल बनाकर उनको कसौटी पर परखा जा रहा है। इन्हीं में से एक को पहले विधानसभा क्षेत्र प्रभारी और बाद में प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। बसपा इस काम के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं की एक पूरी टीम लगा रखी है, जिसमें पार्टी के मंडल और जोनल कोऑर्डिनेटर शामिल है। प्रभारी बनाने के बाद उसी को प्रत्याशी घोषित करने के लिए बसपा उसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन किया जाता है।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव मायावती ने अकेले दम पर लड़ने का प्लान बनाया है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल साफ कहा कि बसपा इस बार पारंपरिक गठबंधनों से अलग राह पर चलेगी और समय से पहले कैंडिडेट घोषित कर दिए जाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष का यह बयान बसपा की पुरानी 'सोशल इंजीनियरिंग' रणनीति की पुनर्वापसी का संकेत है,जिसके सहारे 2007 में पार्टी ने प्रचंड बहुमत हासिल किया था। 2027 के लिए बसपा ने जिस तरह से पहली फेहरिश्त में ब्राह्मण और मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाया है, उससे साफ है कि मायावती की रणनीति क्या है? आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बसपा संगठन और प्रत्याशियों का पैमाना तैयार किया है। ब्राह्मण और मुस्लिम कैंडिडेट को चुनावी मैदान में उतारकर और दलितों को संगठन के माध्यम से जोड़कर काम करने की योजना बनाई गई है।

बसपा ने 2007 में इसी दांव से सत्ता पर काबिज हुई थी। मायावती ने 2007 में परंपरागत दलित वोटों के साथ-साथ ब्राह्मण और मुस्लिम वोटरों को लेकर मैदान में उतरीं और इस सोशल इंजीनियरिंग ने विपक्षी दलों को चुनावी रण में धराशाई कर दिया। अब मायावती उसी फॉर्मूले को फिर आजमाना चाह रही हैं।

मायावती पिछले 3 महीने में हुई सभी बैठकों मैं यह बात कहती रही हैं कि ब्राह्मण-मुस्लिम और दलित गठजोड़ के साथ वह 2027 के विधानसभा चुनाव में जाएंगी और एक बार फिर से सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ वापसी करेंगी। उत्तर प्रदेश की सियासत में फर्श से अर्श पर पहुंची बसपा का सियासी आधार 2012 के बाद से लगातार घिरता जा रहा है। बसपा 30 फीसदी वोट शेयर से घिरकर यूपी में 10 फीसदी से नीचे आ गया। यूपी में बसपा एक के बाद एक चुनाव हार रही है और उसका सियासी आधार दिन ब दिन सिमटता जा रहा है। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बसपा को सिर्फ एक सीट मिली थी और 2024 में पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकी थी।

2027 का चुनाव बसपा के लिए अपने सियासी वाजूद को बचाए रखने की है। ऐसे में मायावती कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है, जिसके लिए लखनऊ में डेरा जमाकर लगातार बैठक कर संगठन को सियासी धार देने में जुटी हैं। मायावती ने इस बार के चुनाव में टिकट बंटवारे के लिए नए फॉर्मूले को तैयार किया है, उसके लिहाज से ब्राह्मण और मुस्लिम को अहमियत देते हुए ओबीसी को प्राथमिकता देने की रणनीति है इस रणनीति के मुताबिक प्रदेश के हर जिले में एक से दो ओबीसी उम्मीदवारों को टिकट दिया जा सकता है। इसके अलावा यूपी के हर जिले में एक मुस्लिम उम्मीदवार उतारने की रणनीति है, पश्चिम यूपी के जिलों में दो से तीन मुस्लिम को टिकट दिया जा सकता है।

बसपा के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक बसपा सामान्य जाति में सबसे ज्यादा ब्राह्मण को तवज्जो देगी, जिसकी झलक अभी तक घोषित उम्मीदवारों की फेहरिश्त में दिखने लगा है। इसके बाद उसने अपने आधार वोटबैंक दलित और मुस्लिम को टिकट देने की रणनीति अपनाई है। यूपी में तमाम ओबीसी जातियां हैं, उन पर बसपा दांव खेलकर, उनको अपना प्रत्याशी बनाएंगी। सूबे में करीब 50 फीसदी से ज्यादा ओबीसी मतदाता हैं,जो सियासी तौर पर निर्णायक भूमिका में हैं।

# आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में स्मृति मंधाना बनीं नंबर-1 बल्लेबाज

## ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग पहली बार नंबर-1 गेंदबाज, हरमनप्रीत कौर को भी रैंकिंग में फायदा

समर न्यूज | नई दिल्ली

महिला क्रिकेट की ताजा आईसीसी वनडे रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। मंगलवार (3 मार्च) को जारी नई रैंकिंग में भारत की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज बन गई हैं। मंधाना ने 790 रेटिंग अंक हासिल करते हुए दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वॉल्वार्ट को पीछे छोड़ दिया। दोनों खिलाड़ियों के समान 790 अंक हैं, लेकिन हालिया प्रदर्शन के आधार पर मंधाना को शीर्ष स्थान मिला है।

स्मृति मंधाना को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खेली गई वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला। उन्होंने सीरीज के मैचों में 58 और 31 रन की अहम पारियां खेलीं। इन पारियों के चलते उनकी रेटिंग में सुधार हुआ और वह रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचने में सफल रहीं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वॉल्वार्ट फिलहाल दूसरे स्थान पर हैं। उनके पास मार्च-अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज में फिर से नंबर-1 बनने का मौका रहेगा। अगर वह उस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करती हैं तो रैंकिंग में दोबारा शीर्ष स्थान हासिल कर सकती हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग ने इतिहास रच दिया है। वह पहली बार महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर पहुंची हैं। किंग के 775 रेटिंग अंक हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।

अलाना किंग ने इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को पीछे छोड़कर यह उपलब्धि हासिल की। एक्लेस्टोन करीब चार साल से नंबर-1 स्थान पर काबिज थीं। किंग ने हालिया



वनडे सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन मैचों में 16.71 की औसत से 7 विकेट झटके।

सीरीज के तीसरे वनडे मैच में अलाना किंग ने 10 ओवर में 4 विकेट लेकर 33 रन दिए। उनकी इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम को 185 रन से हराया। इस प्रदर्शन ने उनकी रैंकिंग को काफी मजबूत किया और उन्हें नंबर-1 स्थान तक पहुंचा दिया।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू मैदान पर शुरुआती तीन टी20 मैचों में से दो गंवाए थे, लेकिन टीम ने वनडे सीरीज में शानदार वापसी की और 3-0 से जीत दर्ज की। इस जीत में बेथ मूनी, ऐश गार्डनर और कप्तान एलिसा हीली का अहम योगदान रहा। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने अपने आखिरी वनडे मैच में शतक लगाया और शानदार अंदाज में इस फॉर्मेट को अलविदा कहा। वह 744 रेटिंग अंकों के साथ बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहीं। उनसे ऊपर बेथ मूनी 749 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि ऐश गार्डनर 724 अंकों के साथ उनके पीछे हैं। महिला वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर 516 अंकों के साथ नंबर-1 स्थान पर बनी हुई हैं। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है।

हालांकि भारतीय टीम को सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को व्यक्तिगत रूप से रैंकिंग में फायदा हुआ है। उन्होंने सीरीज में 53, 54 और 25 रन की पारियां खेलीं, जिसके चलते वह चार स्थान ऊपर चढ़कर 652 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं।


दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच हुई वनडे सीरीज के बाद भी कई खिलाड़ियों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। पाकिस्तान की सादिया इकबाल पांच स्थान ऊपर चढ़कर 583 अंकों के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं फातिमा सना ऑलराउंडर रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाकर 15वें नंबर पर पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच हुई टी20 सीरीज के बाद भी आईसीसी रैंकिंग में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। न्यूजीलैंड की स्टार खिलाड़ी मेलि केर बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

ताजा आईसीसी रैंकिंग से साफ संकेत मिलते हैं कि अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ती जा रही है। कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के दम पर तेजी से रैंकिंग में ऊपर आ रहे हैं और आने वाले महीनों में इसमें और बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# हार हमारे चेहरे पर थप्पड़ की तरह थीः कोच शुकरी कॉनराड

एजेंसी | कोलकाता

दक्षिण अफ्रीका का नॉक आउट गेम्स में हारने का पुराना रिकॉर्ड रहा है। टी20 विश्व कप 2026 में भी इस रिकॉर्ड से दक्षिण अफ्रीका का पीछा नहीं छूटा। बुधवार को कोलकाता में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के कोच शुकरी कॉनराड ने इस हार को 'खूनी मार' की संज्ञा दी है। मैच के बाद शुकरी कॉनराड ने कहा, "मुझे नहीं पता कि आज रात चोक थी या नहीं। मुझे लगा कि यह एक खूनी मार थी। चोक होने के लिए, आपको गेम में थोड़ी सी भी पकड़ होनी चाहिए। हमें कोई पकड़ नहीं मिली। यह ऐसा था जैसे चेहरे पर थप्पड़ मारा गया हो।" कॉनराड ने कहा, "आज रात बहुत कुछ



ठीक नहीं हुआ, लेकिन शायद ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वे बहुत अच्छे थे और उन्होंने हमें कभी मौका नहीं दिया। मैं यहां बैठकर बुरी रात के लिए बहाने नहीं बनाऊंगा। हम अच्छे नहीं थे और वे बहुत अच्छे थे। उन्होंने हमें आगे से रोक दिया, हमने विकेट गंवाए और हमें कोई मोमेंटम नहीं मिला।" दक्षिण अफ्रीका के कोच ने कहा, "आज रात की गेंदबाजी की क्षमता और विकेट ने हमारे लिए मैच को मुश्किल बना दिया।" न्यूजीलैंड की तारीफ करते हुए कॉनराड ने कहा, "न्यूजीलैंड ने आज रात सच में बहुत, बहुत अच्छा खेला। उन्होंने हमें बिल्कुल मौका नहीं दिया।

# तेज रफ्तार गाड़ी चलाने पर धोनी पर जुर्माना

## रांची में स्पीड लिमिट तोड़ने पर पुलिस ने काटा 1 हजार रुपये का ई-चालान

एजेंसी | नई दिल्ली

रांची में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। हालांकि इस बार वजह क्रिकेट नहीं बल्कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है। तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण उन पर 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम ने उनकी गाड़ी को निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में चलते हुए रिकॉर्ड किया। इसके बाद नियमों के अनुसार उनके नाम पर ई-चालान जारी किया गया। यह कार्रवाई पूरी तरह तकनीकी निगरानी प्रणाली के आधार पर की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रैफिक नियमों के मामले में किसी भी व्यक्ति के साथ अलग व्यवहार नहीं किया जाता। चाहे आम नागरिक हो या कोई बड़ा नाम, नियम सबके लिए समान हैं। इसी प्रक्रिया के तहत



तेज रफ्तार के मामले में 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

रांची में हुई इस घटना के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। शांत स्वभाव और अनुशासन के लिए पहचाने जाने वाले महेंद्र सिंह धोनी का नाम ट्रैफिक नियम उल्लंघन के मामले में सामने आने से लोग हैरान हैं। हालांकि पुलिस ने इसे सामान्य कार्रवाई बताया है।

बताया जा रहा है कि हाल ही में झारखंड हाउसिंग बोर्ड की ओर से भी उन्हें एक नोटिस मिला था। अब ट्रैफिक नियम उल्लंघन की यह घटना सामने आने के बाद उनका नाम एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

ट्रैफिक पुलिस ने इस मौके पर लोगों से अपील की है कि वे सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं और तय गति सीमा का पालन करें। अधिकारियों ने कहा कि तेज रफ्तार से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ जाता है।

पुलिस के अनुसार ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम लगातार सड़कों पर नजर रखता है। जो भी वाहन तय सीमा से अधिक गति में चलता है, उसके खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाती है और ई-चालान जारी किया जाता है।

यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि सड़क पर नियमों का पालन हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। ट्रैफिक नियम लोगों की सुरक्षा के लिए बनाए जाते हैं और उनका पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# मार्च की शुरुआत में ही पारा 30 डिग्री पार

## दिल्ली में इस हफ्ते और बढ़ेगी गर्मी, दिल्ली में 24 घंटे का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 193 दर्ज किया गया

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में इस सप्ताह गर्मी का असर और तेज होने वाला है। मौसम में हो रहे बदलावों के बीच दिल्ली का अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो औसत से 1.7 डिग्री अधिक है।

मौसम विभाग और प्राइवेट वेदर एजेंसियों के मुताबिक आने वाले दिनों में दिन और रात दोनों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मैदानों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ रहा है, जबकि कोई नया सिस्टम फिलहाल पहाड़ी इलाकों तक ही सीमित रहने की संभावना है। Sky-met के अनुसार, साफ आसमान



और तेज धूप के कारण दिल्ली में अगले कुछ दिनों में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ सकता है। इसका असर सुबह और दोपहर के समय ज्यादा महसूस किया जाएगा। शहर के अलग-अलग मौसम केंद्रों की बात करें तो आया नगर में सबसे अधिक तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सफदरजंग में 30.9 डिग्री, रिज में 30.7 डिग्री, लोधी रोड में 30.2 डिग्री और पालम में 29.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है, जिससे रातें भी अपेक्षाकृत गर्म महसूस हो रही हैं। हवा की गुणवत्ता के मोर्चे पर भी स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं है।

दिल्ली में 24 घंटे का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 193 दर्ज किया गया। जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के ज्यादातर एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनों पर मीटर 'मध्यम' और कुछ स्टेशनों पर 'खराब' श्रेणी में रहा, जबकि पंजाबी बाग में एक्यूआई 343 के साथ 'बहुत खराब' दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बढ़ते तापमान और स्थिर मौसम की वजह से प्रदूषण के कण हवा में ज्यादा समय तक टिक सकते हैं। एयर क्वालिटी अर्ली वॉर्निंग सिस्टम ने 5 मार्च तक हवा की गुणवत्ता 'मध्यम' बने रहने का अनुमान जताया है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और संवेदनशील वर्ग को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद राजपाल यादव का बड़ा बयान

## कोर्ट में रोने और पैसों की कमी की खबरों को बताया गलत, बोले- सोशल मीडिया पर फैलाई गईं मनगढ़ंत बातें

समर न्यूज | मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद लगातार अपने ऊपर लगे आरोपों और खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि चेक बाउंस मामले में सरेंडर के दौरान वह अदालत के सामने भावुक होकर रो पड़े थे और उन्होंने पैसों की कमी की बात कही थी। राजपाल यादव ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अदालत में कभी रोने जैसी कोई स्थिति नहीं बनाई और न ही यह कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं। उनके मुताबिक सोशल मीडिया और कुछ रिपोर्ट्स में इस मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है।



दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि तिहाड़ जेल में सरेंडर के समय राजपाल यादव अधिकारियों के सामने भावुक हो गए थे। खबरों के मुताबिक उन्होंने कहा था कि उनके पास पैसे नहीं हैं और उन्हें कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। इन रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि वह अपनी परिस्थितियों को लेकर काफी परेशान थे।

न्यूज एजेंसी से बातचीत में राजपाल यादव ने इन सभी दावों को खारिज करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कई मनगढ़ंत कहानियां फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग बिना पूरी जानकारी के इंटरनेट पर गलत तथ्यों को पेश कर रहे हैं।

राजपाल यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो कुछ भी लिखा जा रहा है, उसमें से कुछ बातें उनके शुभचिंतकों द्वारा फैलाई गई होंगी, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें इस मामले की सही जानकारी नहीं है और वे सिर्फ चर्चा में रहने के लिए ऐसी बातें फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग इस तरह अपनी 'दुकान' चला रहे हैं। राजपाल यादव ने हल्के अंदाज में कहा कि लोग जब भी उन्हें देखें तो उनके चेहरे पर हंसी ही दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दर्शक उन्हें एक कॉमेडी अभिनेता के रूप में जानते हैं, इसलिए उनसे ज्यादा गंभीरता की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए।

राजपाल यादव ने यह भी बताया कि इस कठिन समय में फिल्म इंडस्ट्री के कई लोगों ने उनका साथ दिया। इसके अलावा उनके परिवार ने भी हर परिस्थिति में उनका समर्थन किया। उन्होंने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके समर्थन से उन्हें इस मुश्किल दौर से गुजरने में हिम्मत मिली।

राजपाल यादव करीब 12 दिन तिहाड़ जेल में रहने के बाद अंतरिम जमानत पर बाहर आए हैं। हालांकि उनका मामला अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और उन्हें आगे भी कानूनी प्रक्रिया का सामना करना होगा।

चेक बाउंस से जुड़े इस मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 18 मार्च तय की है। ऐसे में राजपाल यादव की कानूनी लड़ाई अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में आगे की स्थिति साफ हो सकेगी।

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया

## टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में बनाई जगह, न्यूज़ीलैंड ने लक्ष्य सिर्फ 12.5 ओवर में हासिल कर लिया

एजेंसी | कोलकाता

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है।

साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 170 रन का लक्ष्य सिर्फ 12.5 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस मुकाबले के हीरो न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन रहे. उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाए। अपनी पारी में एलन ने 10 चौके और 8 छक्के जड़े।

फिन एलन ने टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।



इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम था, जिन्होंने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में शतक लगाया था।

अब न्यूजीलैंड की टीम 8 मार्च को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। फाइनल में उसका मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा।

# पंजाब के 'टीवी मैन' राजा सिंह का 90 वर्ष की उम्र में निधन

## टीवी उद्योग में पंजाब को सिरमौर बनाने के लिए उनके योगदान को याद किया गया

समर न्यूज़ | लुधियाना

भारत में सस्ते रेडियो और टीवी सेट बनाकर उन्हें आम लोगों तक पहुंचाने वाले प्रसिद्ध उद्योगपति और Texla इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड के संस्थापक राजा सिंह का 28 फरवरी को लुधियाना में निधन हो गया था। वह 90 वर्ष के थे। राजा सिंह ने लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझने के बाद अंतिम सांस ली। राजा सिंह की अंतिम अरदास वीरवार को जीआरडी अकादमी लुधियाना में हुई। इस अवसर शहर की नामचीन हस्तियों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देते हुए टीवी उद्योग में पंजाब को सिरमौर बनाने के लिए उनके योगदान को याद किया गया।

1980 और 90 के दशक में जब देश में केबल टीवी का दौर शुरू हुआ, उस समय टेक्सला टीवी भारत का एक बेहद लोकप्रिय ब्रांड बन गया था। खासकर दिल्ली और पंजाब में यह ब्रांड लगभग हर घर का हिस्सा बन गया था, क्योंकि कंपनी ने मध्यम वर्ग के लिए कम कीमत वाले टीवी सेट




राजा सिंह का फ़ाइल फोटो।

उपलब्ध कराए थे।

टीवी निर्माण से पहले राजा सिंह ने 1961 में जूपिटर रेडियोज़ की स्थापना की थी, जहां कम कीमत के रेडियो और ट्रांजिस्टर बनाए जाते थे। 1980 के दशक के अंत से 2000 की शुरुआत तक पंजाब में टीवी बाजार में टेक्स्ला का लगभग 95 प्रतिशत बाजार हिस्सा था।

राजा सिंह का जन्म 19 फरवरी 1936 को पाकिस्तान के रावलपिंडी के पास मीरपुर जिले के हिल्लन गांव में हुआ था। 1947 के विभाजन के समय वह मात्र 11 साल के थे और परिवार के




विज्ञापन की फोटो।

साथ भारत आकर दिल्ली में बस गए। यहां उन्होंने एक सब्जी विक्रेता के साथ मजदूरी से अपने जीवन की शुरुआत की।

बिना किसी औपचारिक शिक्षा के उन्होंने 1961 में जूपिटर रेडियोज़ शुरू किया और बाद में 1972 में टेक्स्ला टीवी के साथ टीवी निर्माण उद्योग में कदम रखा। शुरुआती साल में कंपनी ने 2,500 टीवी बनाए, लेकिन धीरे-धीरे उत्पादन तेजी से बढ़ता गया। 1988-89 तक कंपनी हर साल 3 लाख ब्लैक एंड व्हाइट और कलर टीवी बनाने लगी।

राजा सिंह ने बेलटेक और बेस्टाविज़न जैसे अन्य टीवी ब्रांड भी शुरू किए, जो बाद में काफी लोकप्रिय हुए। उन्होंने लुधियाना में टीवी निर्माण उद्योग की नींव रखते हुए यहां पिक्चर ट्यूब यूनिट भी स्थापित की।

**गुरु राम दास चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की**

व्यापार के साथ-साथ उन्होंने समाजसेवा में भी अहम योगदान दिया। उन्होंने 'सारब सांझी गुरबानी' नाम से एक पहल शुरू की, जिसके जरिए गुरबानी के संदेश को ऑडियो-वीडियो कैसेट, पोस्टर और पुस्तिकाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया गया। इसके अलावा उन्होंने गुरु राम दास चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की, जो लुधियाना और देहरादून में स्कूल और कॉलेज संचालित करता है, जिनमें जीआरडी अकादमी और जीआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी प्रमुख हैं। राजा सिंह को 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को रोजगार और सहारा देने के लिए भी याद किया जाता है।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवल जैन की धर्मपत्नी स्नेह जैन पंचतत्व में विलीन, शहर में शोक की लहर

## दिवंगत स्नेह जैन की चिता को मुखाग्नि पति नवल जैन और दोनों पुत्र सौरव जैन और अंशुल जैन ने दी



स्नेह जैन का फ़ाइल फोटो।



स्नेह जैन की अंतिम यात्रा में उनके पति नवल जैन को सांत्वना देते हुए जिला प्रधान रजनीश धीमान उपस्थित जनसमूह।

**शहर की सभी राजनीतिक, धार्मिक, उद्योगिक, समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने की शोकग्रस्त परिवार से संवेदना व्यक्त की**

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

भाजपा के जिला उपप्रधान नवल जैन की धर्मपत्नी स्नेह जैन का वीरवार सुबह बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। वह 43 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत स्नेह जैन का अंतिम संस्कार वीरवार दोपहर करीब दो बजे बाजवा नगर स्थित कमला लोहटिया कॉलेज के श्मशान घाट में सनातन धर्म के रीति-रिवाज के साथ किया गया। इस दौरान उनकी चिता को मुखाग्नि उनके पति नवल जैन और उनके दो पुत्र सौरव जैन व अंशुल जैन ने दी। अंतिम संस्कार के समय बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। स्नेह जैन के निधन का समाचार मिलते ही कई उद्योगपति, सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि कर्मसर कॉलोनी, टिब्बा रोड स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उनकी अंतिम यात्रा में शहर की विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल, जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान, जिला महामंत्री यशपाल जनोत्रा, प्रेस सचिव डॉ. सतीश कुमार, पार्षद गौरवजीत सिंह गोरा, पार्षद निधि गुप्ता, विकास जैन, पंकज गुप्ता, सुनीता जैन, अमित गोसाई, मुकेश कुमार, देवी सहाय टंडन, मंडल/सर्कल प्रधान अमित राय, प्रमोद कुमार, सुरेश मिगलानी, जसदेव तिवारी, लीलाधर सैनी, कुलजीत सिंह, हंसराज शर्मा और अजीव गुलेरिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शोकग्रस्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## समर न्यूज़ ब्रीफ

### युवक लापता, पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही

समर न्यूज़, राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना बस्ती जोधेवाल क्षेत्र में मानसिक रूप से कमजोर एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सुमन पत्नी कांता राम निवासी न्यू आजाद नगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा विपिन कुमार (22) पिछले दो साल से उनके साथ रह रहा था और उनके साथ ही एक फैक्ट्री में हेल्पर का काम करता था। उसने बताया कि विपिन का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है और वह ठीक से बोल भी नहीं पाता। शिकायत के अनुसार, कुछ दिन पहले वह दोपहर के समय लंच करने के लिए नूरवाला रोड गया था, लेकिन उसके बाद वह वापस फैक्ट्री नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों को शक है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपने स्वार्थ के लिए उसे अपने पास रखा हो सकता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीमें युवक की तलाश में जुटी हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही युवक का पता लगा लिया जाएगा।

### नशा करते युवक को पुलिस ने दबोचा

समर न्यूज़, राहुल शर्मा | लुधियाना: थाना लाडोवाल पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को खाली प्लॉट में नशा करते हुए काबू किया है। आरोपी के पास से नशा करने का सामान बरामद हुआ है। जांच अधिकारी हरदीप सिंह ने बताया कि वह अपनी पुलिस पार्टी के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि चावला पंप के पास एक खाली प्लॉट में एक युवक बैठकर नशा कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर छापा मारा और आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक लाइटर, एक पन्नी और 10 रुपये का रोल किया हुआ नोट बरामद हुआ। आरोपी की पहचान हरविंदर सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी तरनतारन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का पुराना आदी है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कार सवार से 5 ग्राम हेरोइन बरामद

समर न्यूज़, राहुल शर्मा | लुधियाना: थाना साहनेवाल पुलिस ने नाके के दौरान एक कार सवार युवक को काबू कर उसके पास से 5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जांच अधिकारी गुरमीत सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ जीटी रोड सर्विस लाइन पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान ईस्टमैन चौक की तरफ से एक कार तेज रफ्तार में आती दिखाई दी। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। कार रुकने के बाद चालक घबरा गया। जब उसे कार से उतारकर तलाशी ली गई तो उसके पास से 5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान बलविंदर सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तलाक विवाद में घर में घुसकर मारपीट, महिला घायल

समर न्यूज़, राहुल शर्मा | लुधियाना: थाना सलेम टाबरी क्षेत्र में तलाक के विवाद को लेकर एक व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता जागीर सिंह निवासी बैक साइड जैन स्कूल, हुसैनपुरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी की शादी अजय पाल पुत्र शिव भरत निवासी जसिया रोड के साथ हुई थी। शादी के कुछ साल बाद दोनों के बीच अनबन रहने लगी, जिसके चलते दोनों ने आपसी सहमति से पंचायत में तलाक ले लिया था। बाद में अदालत में भी तलाक का केस दायर किया गया था। शिकायत के अनुसार अजय पाल इस फैसले से सहमत नहीं था। कुछ दिन पहले वह तेजधार हथियार लेकर उनके घर पहुंच गया और उनकी बेटी के बारे में पूछने लगा। जब बेटी घर पर नहीं मिली तो आरोपी ने गुस्से में घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान उसने जागीर सिंह को धक्के मारे और उनकी पत्नी को भी धक्का दे दिया, जिससे उसका सिर दीवार से टकरा गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला बनती थी फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर, गिरफ्तार

समर न्यूज़ | लुधियाना: खन्ना पुलिस ने खुद को पुलिस इंस्पेक्टर बताकर लोगों को डराने-धमकाने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक प्रिया नाम की यह महिला खन्ना के आनंद नगर इलाके की रहने वाली है और काफी समय से खुद को पुलिस कर्मचारी बताकर लोगों पर रौब जमाती थी। मोहल्ले के लोगों के अनुसार प्रिया अक्सर पुलिस की वर्दी पहनकर इलाके में घूमती थी और लोगों को झूठे केसों में फंसाने की धमकियां देती रहती थी। प्रिया से परेशान होकर मोहल्ले के लोगों ने इस मामले की शिकायत पुलिस को दी। शिकायत मिलने के बाद खन्ना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को काबू कर लिया।

# पत्रकार गौतम जालंधरी, बलराज खन्ना व सन्नी खन्ना की माता का अंतिम संस्कार, अश्रुपूरित नेत्रों से दी विदाई

समर न्यूज़ | लुधियाना

देश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र अजीत, दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर में ब्यूरो प्रमुख रहे तथा जागृति लहर डॉट कॉम के एडिटर पत्रकार गौतम जालंधरी, बलराज खन्ना और सन्नी खन्ना की माता रमा खन्ना (दिवंगत शहीद नरेंद्र खन्ना की धर्मपत्नी) का कल निधन हो गया। उनके निधन के बाद आज वीरवार को पीरू बंदा श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया, जहां परिजनों और परिचितों ने उन्हें अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी। बताया जा रहा है कि रमा खन्ना पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। अपने पीछे वह तीन बेटे और एक बेटी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। इस अवसर पर पंजाब के कई पत्रकारों, सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक



संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक मदन लाल बग्गा, पक्षी सेवा सोसाइटी के चेयरमैन दर्शन लाल बवेजा, प्रधान अशोक थापर, पूर्व विधायक राकेश पांडे, भाजपा महासचिव जीवन गुप्ता, प्रवीण बंसल, आर.डी. शर्मा, परमिंदर मेहता, अमरजीत सिंह टिक्का, विपन विनायक, अश्वनी शर्मा, एपीआरओ जतिंदर कोहली, इंद्रजीत सिंह ढींगरा, डी.के. अरोड़ा, बिट्टू गुम्बर, राजेश मेहरा (एडवोकेट), डी.एस. बेदी, वी.के. खुल्लर, नरेश शर्मा, राजू मलिक, मिंटा मलिक, सीनियर पत्रकार प्रमोद बातीश, अर्शदीप समर, नवीन शर्मा, रविंद्र अरोड़ा, पप्पी नागपाल, चन्द्रकांत चड्ढा, एडवोकेट रविंद्र गर्ग, अमित कुमार, भारत मुंजाल, जॉनी गोयल, रविंदर स्यान, राजन कैंथ, दविंदर डीके, सुखदेव, शशिकांत, रविकांत खुल्लर, पारस दानिया, रेशम नत्त, अश्वनी वर्मा, अशोक विरमानी, पवन शर्मा, प्रदीप चोपड़ा, दीपक चोपड़ा, सोनू जैदका, सन्नी जैदका, राज शाही, सागर, आशा थापर, विशाल जैन, निधि जैन, देव दत्त चुघ, विशाल अब्रोल, राधिका कालडा, राजेश सरीन, अजय सिक्का, नरेंद्र महेंद्रु, राजीव आनंद, करनैल सैनी, अजय अरोड़ा, राहुल, कैप्टन गुरनाम सिंह, हीरा लाल गोयल, प्रवीण, विक्की कुंद्रा, नितिन जैन, अमित जैन, हरमित बग्गा, हरजिंदर बवेजा, अशोक साई, तिरलोचन सिंह, अश्वनी गोगना, हेमराज, गुरप्रीत मेहदुदा, सुरेंद्र गिल, अशोक मल्हा, रमेश क्वतरा, अतुल सहगल, मनजीत सिंह, जोनी, सुखदेव सलेमपुरी, कुलविंदर सिंह सलेम तबरी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने पत्रकार गौतम जालंधरी, बलराज खन्ना और सन्नी खन्ना के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# ट्रक लूट मामले का खुलासा, सोनीपत से 3 आरोपी गिरफ्तार

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में लूट और चोरी की वारदातों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने ट्रक लूट मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को हरियाणा के सोनीपत से पकड़कर ट्रक और वारदात में इस्तेमाल कार भी बरामद की गई है। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के निर्देशों पर डीसीपी रूपिंदर सिंह, एडीसीपी-1 समीर वर्मा और एसीपी नॉर्थ किक्कर सिंह की निगरानी में थाना बस्ती जोधेवाल की पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह की अगुवाई में पुलिस ने तीनों आरोपियों को काबू किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान लवदीप सिंह, रणजीत सिंह और गुरतेज सिंह के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने 2 मार्च 2026 को शिकायतकर्ता हरचंद सिंह से गुरु विहार कट के पास ट्रक (RJ-09-GC-8757) लूट लिया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा हुआ ट्रक और वारदात में इस्तेमाल कार (HR-10-AM-2386) भी बरामद कर ली है। इस संबंध में थाना बस्ती जोधेवाल में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी लवदीप सिंह के खिलाफ पहले भी 23 मई 2024 को थाना सदर खन्ना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वे किसी अन्य वारदात में भी शामिल रहे हैं या नहीं।

# कर्ज के दबाव में फैक्ट्री मालिक ने दी जान, आरोपियों पर मामला दर्ज

हरजीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

जस्सियां रोड स्थित कुंज विहार इलाके में कर्ज के लेन-देन को लेकर मानसिक दबाव से परेशान एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मृतक की पहचान कुंज विहार निवासी अमिताभ कुमार के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 फरवरी को अमिताभ उन्हें और बच्चों को बिहार जाने के लिए ट्रेन में बैठाकर घर लौट आए थे। 28 फरवरी को उन्हें फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनके पति की मौत हो गई है। पीड़िता के अनुसार, अमिताभ ने बंटी नामक व्यक्ति से धागा खरीदा था, जिसकी कुछ रकम बकाया थी। इसी भुगतान को लेकर आरोपी लगातार उन पर दबाव बना रहे थे। आरोप है कि मनीष कुमार, बंटी और अरविंद कुमार फैक्ट्री में घुसकर मशीनें खोलने और उखाड़ने की कोशिश करने लगे। अपनी मेहनत से स्थापित फैक्ट्री को नुकसान पहुंचते देख और लगातार दबाव के चलते अमिताभ कुमार मानसिक रूप से टूट गए और फैक्ट्री परिसर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लुधियाना में विकास कार्यों में तेजी के निर्देश हर घर तक साफ पानी पहुंचाने पर जोर

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में विकास कार्यों में तेजी लाने, सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने और हर घर तक पीने योग्य पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेयर इंदरजीत कौर, लुधियाना साउथ की विधायक राजिंदर पाल कौर छीना और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों को कहा गया कि सड़कों के पुनर्निर्माण, ट्यूबवेल लगाने और नई सीवर लाइन बिछाने जैसे चल रहे विकास कार्य तय समय में पूरे किए जाएं। साथ ही शहर के हर घर तक साफ पीने का पानी पहुंचाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया। बैठक के दौरान अवैध रूप से बनाए जा रहे मजदूर क्वार्टर और कॉलोनियों पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि ऐसी अवैध निर्माण गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। मेयर इंदरजीत कौर, विधायक छीना और कमिश्नर डॉ. गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी परियोजना में देरी हुई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है और गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक से पहले नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने जोन-सी कार्यालय (गिल रोड) का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उनके साथ जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि लोगों को नगर निगम से जुड़ी सेवाएं बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराई जाएं।

बैठक में जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, एसई हरप्रीत सिंह, एटीपी रणधीर सिंह, जोनल सुपरिटेंडेंट अब्दुल सत्तार समेत बीएंडआर शाखा, ओएंडएम सेल, तहबाजारी विंग और बिल्डिंग ब्रांच के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन मुहिम की शुरुआत

अरुण कुमार | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए पंजाब सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने वीरवार से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया। सिविल अस्पताल में एसएमओ डॉ. रमनदीप कौर की देखरेख में अभियान का आगाज हुआ। 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को यह टीका मुफ्त लगाया जाएगा, जिसकी कीमत निजी अस्पतालों में करीब 4000 रुपये है। यह अभियान 90 दिनों तक चलेगा और जिले के 19 सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर सुविधा उपलब्ध होगी।

**उत्सव** | लुधियाना में 'महिला उद्यमी सम्मान-2026'

# विधायक बग्गा ने घर से कारोबार करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जालंधर बाईपास के पास एक निजी होटल में 'अपना कारोबार, अपनी पहचान' अभियान के तहत महिला उद्यमी सम्मान-2026 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रही महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि



समाज और परिवार की तरक्की में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना समय की जरूरत है, ताकि वे अपने परिवार के साथ-साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज में अलग पहचान दिलाना और उनकी हौसला-अफजाई करना है, जिससे अन्य महिलाएं भी प्रेरित होकर आगे बढ़ सकें। विधायक बग्गा ने कहा कि आज कई महिलाएं घर से ही टिफिन सर्विस, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी वर्क, सैलून और अन्य छोटे-छोटे व्यवसाय के जरिए आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का 'अपना कारोबार, अपनी पहचान' अभियान ऐसे ही छोटे कारोबारों को बढ़ावा देने और महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी लगभग 50 प्रतिशत है और वे घर व समाज दोनों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाती हैं, लेकिन कई बार उनकी मेहनत को नजरअंदाज कर दिया जाता है। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के योगदान को सम्मान देने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर नगर निगम मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, तहसीलदार किरण, महिला विंग जिला प्रधान मनीषा कपूर, हलका इंचार्ज पूनम अरोड़ा, जोन प्रमुख अजिंदर, काउंसलर शरणजीत कौर बाजवा, काउंसलर तजिंदर कौर राजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए और सरकार की इस पहल की सराहना की।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 179